राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 226
लखनऊ, रविवार 19 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

बिना उपभोक्ता की सहमति से न लगाये जाये स्मार्ट प्रीपेड मीटर 11

सैटेलाइट बस अड्डे पर पहुंचे वित्त मंत्री, अधूरे कार्य जल्द निपटाने के सख्त निर्देश 05

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,55,930/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,42,950/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,16,990/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,75,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर घाटी में 5.3 तीव्रता के भूकंप के झटके, अफगानिस्तान का बदाखशान था केंद्र

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में शनिवार को रिक्टर पैमाने पर 5.3 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसका केंद्र अफगानिस्तान के बदाखशान प्रांत में था। घरों में पंखे सहित अन्य वस्तुएं हिलती हुई देख लोग घरों से बाहर निकल आए। हालांकि अभी तक भूकंप से किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह 8.24 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र पृथ्वी के 190 किलोमीटर अंदर था। इसके निर्देशांक 36.55 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 70.92 डिग्री पूर्वी देशांतर हैं। भूकंप विज्ञान के अनुसार, कश्मीर घाटी भूकंप की आशंका वाले क्षेत्र में स्थित है। पूर्व में कश्मीर में भूकंपों ने भारी तबाही मचाई है। 8 अक्टूबर, 2005 को जम्मू-कश्मीर में रिक्टर पैमाने पर 7.6 तीव्रता का एक भूकंप आया था, जिसमें 80,000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इस भूकंप का केंद्र पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद शहर में था।

### अमृतसर में ड्रोन से नशा तस्करी का भंडाफोड़, 2.29 किलो हेरोइन और ग्लॉक पिस्तौल बरामद

**फिरोजपुर।** पंजाब के अमृतसर के थाना लोपोके क्षेत्र में पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता हासिल की। इस ऑपरेशन में कुल 2 किलो 290 ग्राम हेरोइन, एक ड्रोन और दो आधुनिक ग्लॉक पिस्तौल बरामद की गई हैं। यह कार्रवाई हाल ही में की गई, जिसमें सुरक्षा एजेंसियों ने तस्करी नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया। शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि हेरोइन की खेप पाकिस्तान सीमा पार से भेजी गई थी। पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है और नेटवर्क से जुड़े लोगों की पहचान की जा रही है।

### असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के दौरान लगी आग, प्रिंसिपल का कमरा जला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के गोमतीनगर इलाके में जीजीआईसी में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के दौरान आग लग गई। मौके पर मौजूद कॉलेज प्रशासन ने तुरंत परिसर खाली करा दिया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके से पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। गोमतीनगर के विनयखंड स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार सुबह भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थी बैठे थे। इसी दौरान एसी में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग लग गई। इस दौरान एक कमरे से धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।

# आधी आबादी का अधिकार छीनने वालों को मिलेगी पाप की सजा : मोदी

**देश की नारी शक्ति कांग्रेस और उसके साथी दलों को नहीं करेगी माफ**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महिला आरक्षण पर देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बिल में संशोधन नहीं हो पाया। मैं सभी माताओं-बहनों से माफी मांगता हूं।

उन्होंने कहा कि मेरे लिए देशहित सर्वोपरि है, जब कुछ लोगों के लिए दल हित सबकुछ हो जाता है, दल हित देश हित से बड़ा हो जाता है। तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दल इस भ्रूणहत्या के गुनहगार हैं। ये देश के संविधान के अपराधी हैं। नारी शक्ति के अपराधी हैं। जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी। लोकसभा में शुक्रवार को महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान (131वां संशोधन) बिल पास नहीं हो सका था। इस बिल में लोकसभा सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करने और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव था। आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया। कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थी राजनीति का नुकसान देश की नारी शक्ति को उठाना पड़ा है। कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। देश की नारी शक्ति देख रही थी। मुझे भी ये देखकर बहुत दुख हुआ कि जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये बिल सभी दलों और राज्यों के लिए एक मौका था। एक अवसर था ये बिल पास होता तो बंगाल, यूपी, केरल सभी राज्य की सीटें बढ़तीं। इन लोगों ने अपने राज्यों को धोखा दिया। डीएमके के पास मौका था और ज्यादा लोागें को सांसद विधायक बना सकती थी लेकिन उसने मौका खो दिया। पीएम ने कहा कि टीएमसी के पास भी बंगाल के लोगों को आगे बढ़ाने का मौका था लेकिन गंवा दिया। सपा भी महिला विरोध होने के छवि के दाग को कम करने के मौके से चूक गई। सपा ने बिल का विरोध करके लोहिया जी के सपनों को पैरों तले रौंद दिया। कांग्रेस ने फिर एक बात साबित कर दिया कि कांग्रेस एक एंटी रिफॉर्म पार्टी है। कांग्रेस 21वीं सदी के भारत के निर्माण के लिए सभी फैसलों को खारिज कर देती है। यही कांग्रेस का इतिहास है। यह उनकी निगेटिव पॉलिटिक्स है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये महिलाएं देश की सेवा करना चाहती हैं लेकिन परिवारवादियों के भीतर असुरक्षा की भावना बैठी है। परिसीमन के बाद महिलाओं का कद बढ़ता इसलिए उन्होंने बिल का विरोध किया। देश की नारी शक्ति कांग्रेस और उसके साथी दलों को पाप के लिए माफ नहीं करेगी। कांग्रेस और उसके साथी दल परिसीमन पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। ये इस बहाने विभाजन की आग को सुलगाना चाहते हैं। ये 'बांटों और राज करो' की पॉलिटिक्स अंग्रेजों से विरासत में लेकर आई है। कांग्रेस ने हमेशा देश में दरार पैदा करने वाली भावनाओं को हवा दी है। परिसीमन पर झूठ फैलाया कि कुछ राज्यों को नुकसान होगा। हमने स्पष्ट किया कि किसी राज्य का रिप्रेंजेंटशन कम नहीं होगा। फिर भी कांग्रेस, डीएमके, टीमएसी जैसे दल मानने को तैयार नहीं हुए। पीएम ने कहा कि कांग्रेस खुद ही कई राज्यों में अपना वजूद खो चुकी है। वह परजीवी की तरह दूसरे दलों के सहारे जिंदा है। वे यह भी नहीं चाहते कि क्षेत्रीय दलों की ताकत बढ़े। इस बिल को रोककर उन्हें राजनीतिक षडयंत्र किया है। सभी विपक्ष इतने सालों से हर बार वही बहाने बनाते आए हैं। कोई न कोई पेंच फंसाकर महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालते हैं।



### नारी अपमान नहीं भूलती

पीएम मोदी ने कहा कि कल विपक्ष ने जो भी किया वह केवल टेबल पर थाप नहीं थी। वह नारी के स्वाभिमान पर उसके आत्म सम्मान पर चोट थी। और नारी सब भूल जाती है, अपना अपमान कभी नहीं भूलती। इसलिए संसद में कांग्रेस के उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक, हर नारी के मन में हमेशा रहेगी। देश की नारी जब भी अपने क्षेत्र में इन नेताओं को देखेगी तो वह याद करेगी कि इन्हीं लोगों ने संसद में महिला आरक्षण को रोकने का जश्न मनाया था, खुशियां मनाईं थीं।

### विपक्ष को उसके पाप की सजा जरूर मिलेगी

कल नारी शक्ति वंदन विधेयक का जिन लोगों ने विरोध किया है, उनसे मैं दो टूक कहूंगा कि ये लोग नारी शक्ति को फॉर ग्रांटेड ले रहे हैं। वे ये भूल रहे हैं कि 21वीं सदी की नारी देश की हर घटना पर नजर रख रही है। वह उनकी मंशा भांप रही है और सच्चाई भी भली-भांति जान चुकी है। महिला आरक्षण विधेयक का विरोध कर के विपक्ष ने जो पाप किया है, उसकी सजा उन्हें जरूर मिलेगी। इन दलों ने संविधान निर्माता की भावनाओं का भी अपमान किया है। और जनता द्वारा इसकी सजा से भी वे बच नहीं पाएंगे।

### परिवारवादी पार्टियां डर गईं

महिलाएं देश की सेवा करना चाहती है। लेकिन परिवारवादियों के भीतर उनसे असुरक्षा की भावना बैठी है। परिसीमन के बाद महिलाओं का कद बढ़ता इसलिए उन्होंने बिल का विरोध किया। देश की नारी शक्ति कांग्रेस और उसके साथी दलों के लिए पाप के लिए माफ नहीं करेगी। कांग्रेस और उसके साथी दल परिसीमन पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। ये इस बहाने विभाजन की आग को सुलगाना चाहते हैं। कांग्रेस, सपा, डीएमके और टीएमसी हर बार वही बहाने, वही कुतर्क गढ़ते आए हैं। कोई न कोई तकनीकी पेच फंसाकर ये महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालते रहे हैं। देश राजनीति का यह भद्दा पैटर्न बराबर समझ चुका है।

# हमारी सरकार हिंदुओं के साथ मजबूती के साथ खड़ी रहेगी : योगी

**एजेंसी, कूच बिहार/जलपाईगुड़ी।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में फिर गरजे। माथाभांगा व धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर लोकसभा में विपक्षी दलों के रुख की भर्त्सना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के पैरोकारों ने यह संशोधन विधेयक पास नहीं होने दिया। यह देश की आधी आबादी का अपमान है, माता-बहनें इसे किसी रूप में बर्दाश्त नहीं करेंगी। सीएम योगी ने पश्चिम बंगाल की मौजूदा अराजक स्थिति के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को दोषी ठहराते हुए ऐलान किया कि ममता बनर्जी सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है। अब बंगालवासियों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

सीएम योगी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस मां, माटी व मानुष की बात करती थी। देश-दुनिया ने संसद में मां के साथ उनके व्यवहार को देखा। बंगाल में माटी की स्थिति यह है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों ने यहां के राजवंशियों व नागरिकों का हक छीना जा रहा है। मानुष टीएमसी की गुंडागर्दी से भयभीत है। उपज का दाम नहीं मिलने से किसान पलायन करने को विवश है। यूपी में आलू का दाम 15 से 20 रुपए है और यहां एक से डेढ़ रुपये। टीएमसी के 15 वर्ष के कार्यकाल में 7000 से अधिक बड़े कारखाने बंद हुए। यूपी में हमने तीन करोड़ नौजवानों को रोजगार दिया, लेकिन बंगाल में 30 लाख नौजवान बेरोजगार हुए। धान व मछली उत्पादन में लगातार गिरावट आ रही है। केंद्र सरकार विकास के लिए जो पैसा देती है, वह जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचता। यह पैसा तृणमूल के गुंडे व बांग्लादेशी घुसपैठिए खा जाते हैं। सैंड माफिया, बागान माफिया सभी आपके हक पर डकैती डाल रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि अब यूपी में डबल इंजन सरकार के कारण 'नो कर्फ्यू, नो दंगा, सब चंगा' है। कोई माफिया या दंगाई दिखता है तो बुलडोजर उसकी हड्डी-पसली तोड़कर एक्सप्रेसवे बना देता है। बंगाल के पास भी यह अंतिम अवसर है। हम उद्घोष करते हैं- गो माता को कटने और हिंदुओं को बंटने नहीं देंगे। बंगाल को मौलाना, मौलवियों के फतवों की धरती नहीं बनने देना है। इसे घुसपैठियों या काबा की नहीं, बल्कि मां काली, मां दुर्गा और मां सिद्धेश्वरी की धरती के रूप में स्थापित करना होगा। हमने यूपी में यह कर के दिखाया है, डबल इंजन सरकार आने पर बंगाल में भी कर के दिखाएंगे।



**बांग्लादेशी घुसपैठियों के पैरोकारों ने पास नहीं होने दिया नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक : मुख्यमंत्री**

### ममता दीदी को हिंदुओं व जय श्रीराम से चिढ़

टीएमसी प्रमुख पर कड़ा प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ममता दीदी को हिंदुओं व जय श्रीराम के उद्घोष से चिढ़ है। जिस तरह उन्होंने संसद में आधी आबादी को मिलने वाले हक का विरोध किया। ऐसे ही उन्होंने सिटीजनशिप अमेंडमेंट बिल के दौरान भी किया था। इस एक्ट में मोदी जी ने बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में प्रताड़ित होकर भारत आने वाले हिंदू, जैन, सिख आदि को भारत की नागरिकता देने व जमीन का अधिकार देने का प्रावधान किया है। अभी पिछले सप्ताह ही उत्तर प्रदेश के अंदर 1056 ऐसे परिवारों को भूमि अधिकार दिया गया है, नागरिकता दी गई है, जिन्हें पूर्वी बंगाल से निकाला गया था। कांग्रेस, कम्युनिस्ट दलों व टीएमसी ने सीएए का विरोध किया, लेकिन हमारी सरकार दुनिया के किसी भी कोने में हिंदुओं के साथ मजबूती के साथ खड़ी रहेगी। उनकी सुरक्षा करेगी।

# ईरान होर्मुज फिर कभी बंद न करने पर सहमत : ट्रंप

**एजेंसी, वाशिंगटन/ तेहरान।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को दावा किया कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर कभी बंद न करने पर सहमत हो गया है जबकि ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ईरानी बंदरगाहों की नौसैनिक नाकाबंदी जारी रखता है तो वह जलडमरूमध्य को बंद कर देगा।

श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि अब इसका (होर्मुज का) इस्तेमाल दुनिया के खिलाफ हथियार के रूप में नहीं किया जाएगा। दुनिया के लिए एक महान और शानदार दिन। श्री ट्रंप ने यह भी दावा किया कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने से 'बहुत खुश' हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि चीन में राष्ट्रपति शी से हमारी मुलाकात विशेष और संभवतः ऐतिहासिक होगी। मैं राष्ट्रपति शी के साथ मुलाकात के लिए उत्सुक हूं, इसमें बहुत कुछ हासिल किया जाएगा। श्री ट्रम्प 14 से 15 मई तक चीन की यात्रा पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि ईरान ने यह भी घोषणा की है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से खुला है और सभी जहाजों के आवागमन के लिए तैयार है। श्री ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से खुला है और सभी जहाजों के आवागमन के लिए तैयार है लेकिन ईरान के संबंध में नौसैनिक नाकाबंदी तब तक लागू रहेगी जब तक ईरान के साथ हमारा समझौता शत-प्रतिशत पूरा नहीं हो जाता। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति समाप्त होने के बाद, उन्हें नाटो से मदद की पेशकश करते हुए एक कॉल आया था। श्री ट्रम्प ने कहा कि मैंने उनसे दूर रहने को कहा था, जब तक कि वे सिर्फ अपने जहाजों में तेल भरना न चाहें। जरूरत पड़ने के समय वे काम नहीं आये, एक कागज़ी शेर हैं। उन्होंने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर को उनकी 'महान बहादुरी और मदद' के लिए धन्यवाद दिया।



### ट्रंप का दावा गलत, होर्मुज पर पूरी तरह ईरान का नियंत्रण : गालिबाफ

**तेहरान।** ईरान ने होर्मुज़ जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि इस रणनीतिक जलमार्ग पर नियंत्रण पूरी तरह उसके हाथ में है और अमेरिकी नाकेबंदी जारी रहने पर इसे खुला नहीं रखा जाएगा। ईरान की संसद (मजलिस) के अध्यक्ष मोहम्मद बाक़रि ग़ालिबाफ़ ने श्री ट्रंप के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक घंटे में सात दावे किए और सभी गलत थे। इन झूठों से वे युद्ध नहीं जीत पाए और बातचीत में भी सफल नहीं होंगे।

# महिला आरक्षण विधेयक पारित न होना सरकार की विफलता नहीं : रिजिजू

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े संवैधानिक संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कहा कि इसे सरकार की विफलता के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उनके असहयोग के कारण यह महत्वपूर्ण विधेयक पास नहीं हो सका।

बजट सत्र के समापन के बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन में रिजिजू ने कहा कि यह देश की महिलाओं के साथ बड़ा अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने राजनीतिक स्वार्थ के चलते महिला आरक्षण जैसे अहम मुद्दे को विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि संविधान संशोधन के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल पाने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका, जबकि सरकार इसे पास कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध थी।



### बजट सत्र समाप्त : संसद के दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र शनिवार को दोनों सदनों के अनिश्चितकाल के लिए स्थगन के साथ समाप्त हो गया। यह सत्र राजनीतिक रूप से काफी उथल-पुथल भरा रहा और इसे विशेष बैठकों के लिए निर्धारित समय से आगे बढ़ाया गया था, जिसमें चुनावी सुधारों पर चर्चा की गई। सत्र के दौरान सरकार द्वारा प्रस्तुत संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, जो महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने और परिसीमन प्रक्रिया लागू करने से संबंधित था, लोकसभा में आवश्यक दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका। विधेयक के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े, जबकि पारित होने के लिए 352 मतों की आवश्यकता थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने समापन संबोधन में बताया कि सदन की कार्य-उत्पादकता लगभग 93 प्रतिशत रही।

# भारत से हज उड़ानों का सिलसिला शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत से हज यात्रा पर जाने का सिलसिला शनिवार से शुरू हो गया है। दिल्ली से शनिवार सुबह कुल 371 हज यात्रियों को विदाई दी गई जबकि श्रीनगर से आज 431 हज यात्रियों को तीन उड़ानों से मदीना रवाना किया गया।

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से सऊदी एयरलाइन की उड़ान द्वारा भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सचिव डॉ. श्रीवत्स कृष्णा और दिल्ली हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने फूल मालाओं से स्वागत करके सऊदी अरबिया के पवित्र शहर मदीना के लिए प्रातः 09.45 बजे रवाना किया। इस अवसर पर पहली हज उड़ान के लिए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने समारोह में उपस्थित भारत में सऊदी सरकार के उप मिशन प्रमुख अहमद मुशब्बब अल अहमरी, अल्पसंख्यक मंत्रालय के संयुक्त सचिव राम सिंह एवं दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर सचिव अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले सभी सम्माननीय हज यात्री भारत के एम्बेसडर और प्रतिनिधि हैं और सऊदी अरबिया के पवित्र शहर मक्का और मदीना में अपने निवास के दौरान भारतीय सांस्कृतिक दूत के तौर पर अपनी पहचान सुनिश्चित करेंगे।



### कुछ कानूनी मामलों में लिप्त व्यक्तियों को ही देश से बाहर जाने के लिए आयकर मंजूरी प्रमाण पत्र जरूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही रिपोर्ट को शनिवार को फर्जी बताते हुए कहा कि बाहर जाने वाले हर भारतीयों को आयकर स्वीकृति प्रमाण-पत्र (आईटीसीसी) लेना जरूरी है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया, आयकर की धारा 230 के तहत, कर मंजूरी प्रमाणपत्र सभी के लिए अनिवार्य नहीं हैं। इनकी आवश्यकता केवल कुछ कानूनी परिस्थितियों में विशिष्ट व्यक्तियों के लिए होती है। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि 2024 के वित्त अधिनियम (संख्या 2) के अंतर्गत संशोधनों के बाद भी, देश से बाहर जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयकर सुकृति प्रमाण पत्र संबंधी यह नियम 2003 से अपरिवर्तित है।

# आईईडी बनाने की साजिश का खुलासा

## स्पेशल सेल ने चार कट्टरपंथी युवकों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देश के तीन राज्यों से चार कट्टरपंथी युवकों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपित कथित तौर पर 'गजवा-ए-हिंद' की विचारधारा से प्रभावित होकर आतंकी गतिविधियों की तैयारी में जुटे थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपितों के पास से आईईडी बनाने से जुड़ा सामान भी बरामद किया गया है।

स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त प्रवीण कुमार ने शनिवार को बताया कि स्पेशल सेल की एनडीआर टीम ने यह ऑपरेशन खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया। इंस्पेक्टर विनय पाल और मनोज कुमार की टीम ने महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार में छापेमारी कर चारों आरोपितों को पकड़ा। इस मामले में स्पेशल सेल थाने में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

पुलिस उपायुक्त के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों की पहचान थाणे निवासी मोसैब अहमद उर्फ सोनू उर्फ कलाम, मुंबई निवासी मोहम्मद हम्माद, भुवनेश्वर निवासी शेख इमरान और बिहार के कटिहार निवासी मोहम्मद सोहेल के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि ये सभी सोशल मीडिया के एन्क्रिटेड प्लेटफॉर्म पर बने क्लोज्ड ग्रुप्स के जरिए जुड़े हुए थे, जहां 'खिलाफत' और 'जिहाद' जैसे विषयों पर चर्चा होती थी। पुलिस के अनुसार, मॉड्यूल के दो सदस्य लोकल स्तर पर सामान जुटाकर रिमोट कंट्रोल आईईडी तैयार करने की कोशिश कर रहे थे। इस साजिश में खिलौना कार के सर्किट, बॉल बेयरिंग, कील और अन्य सामग्री का इस्तेमाल किया जाना था। हम्माद ने ये सामान जुटाया और मोसैब को दिया, जो पेशे से मैकेनिक होने के कारण आईईडी असेंबल करने में मदद कर रहा था।




**कैबिनेट** | **उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश में बढ़ेगी कनेक्टिविटी**

# केंद्र ने 24,815 करोड़ की दो मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को दी मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के 15 जिलों को कवर करने वाली दो मल्टी-ट्रैकिंग रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 601 किलोमीटर की वृद्धि होगी। इनकी कुल अनुमानित लागत लगभग 24,815 करोड़ रुपये है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) की बैठक में रेल मंत्रालय की दो महत्वपूर्ण मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 24,815 करोड़ रुपये है और इनके जरिए उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के 15 जिलों में रेल नेटवर्क का बड़ा विस्तार किया जाएगा। इस पहल से करीब 601 किलोमीटर रूट और 1,317 किलोमीटर ट्रैक लंबाई में वृद्धि होगी, जिससे रेल संचालन अधिक तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय बन सकेगा। वैष्णव ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से सीतापुर तक तीसरी और चौथी लाइन (403 किमी) बिछाई जाएगी, जिसकी अनुमानित लागत 14,926 करोड़ रुपये है। यह परियोजना दिल्ली-गुवाहाटी हाई डेंसिटी नेटवर्क का अहम हिस्सा है और इसके तहत नए स्टेशनों का निर्माण भी किया जाएगा। यह लाइन उन इलाकों से होकर गुजरेगी जहां मौजूदा रेल नेटवर्क पर दबाव 168 प्रतिशत तक पहुंच चुका है और भविष्य में इसके 200 प्रतिशत से अधिक होने की संभावना है। इस परियोजना से माल ढुलाई क्षमता में भारी वृद्धि होगी, जिससे कोयला, खाद्यान्न और स्टील जैसे प्रमुख सामानों का परिवहन आसान होगा। इससे हर साल हजारों करोड़ रुपये की लॉजिस्टिक लागत में बचत होगी और लाखों मानव-दिवस रोजगार सृजित होंगे।



### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को मार्च 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-III (पीएमजीएसवाई-III) को मार्च 2028 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। इसके तहत ग्रामीण कृषि बाजारों, उच्च माध्यमिक विद्यालयों और अस्पतालों से जुड़ने वाले प्रमुख मार्गों और ग्रामीण संपर्क सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। योजना का संशोधित व्यय 83,977 करोड़ रुपये तय किया गया है। कैबिनेट ने निर्णय लिया कि मैदानी क्षेत्रों में सड़कों और पुलों तथा पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण मार्च 2028 तक पूरा किया जाएगा, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में पुलों का निर्माण मार्च 2029 तक किया जाएगा। 31 मार्च 2025 से पहले स्वीकृत लेकिन अभी तक टेंडर या अवार्ड न किए गए कार्यों को आगे लिया जा सकेगा। लंबी दूरी के 161 पुल, जिनकी अनुमानित लागत 961 करोड़ रुपये है और जो पहले से स्वीकृत सड़कों के संरेखण पर लंबित हैं, उन्हें भी मंजूरी दी जाएगी।

### केंद्रीय कर्मचारियों का डीए दो प्रतिशत बढ़ा

केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के महंगाई राहत (डीआर) में 02 प्रतिशत की बढ़ोतरी को शनिवार को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने महंगाई के बढ़ते प्रभाव को कम करने के लिए डीए और डीआर की अतिरिक्त किस्त जारी करने की मंजूरी दी है। इसमें मूल वेतन और पेंशन की मौजूदा दर 58 प्रतिशत में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। यह वृद्धि एक जनवरी 2026 से प्रभावी मानी जाएगी।

# शादीशुदा जोड़ों की दोबारा शादी करवाने में माहिर गोंडा का समाज कल्याण विभाग

- क्या विभाग बगैर जांच पड़ताल के ही करवा देता है जोड़ों की शादी ?
- पांच महीने पहले शादी और 15 महीने का बच्चा
- जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने कहा साक्ष्य दिखाओ तब माने

नरेंद्र लाल गुप्ता

**गोण्डा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत संपन्न एक विवाह अब गंभीर सवालों के घेरे में है। समारोह में शादी करने वाले एक जोड़े की दुल्हन महज़ पांच महीने बाद ही एक 15 महीने के बच्चे की माँ बन गई। इस खुलासे ने न केवल योजना की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है, बल्कि संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर भी तीखी बहस छेड़ दी है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पूरे मामले में समाज कल्याण विभाग की भूमिका संदिग्ध रही है। चर्चा यह भी है कि संबंधित समाज कल्याण अधिकारी क्षेत्र के एक विधायक के रिश्तेदार बताए जाते हैं। ऐसे में जब सैयां भए कोतवाल, तो अब डर काहे का वाली कहावत इलाके में जोर पकड़ रही है। लोगों का कहना है कि जब जांच की जिम्मेदारी और प्रभाव दोनों एक ही दायरे में सिमट जाएँ, तो निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद कमजोर पड़ जाती है। मामला यहीं तक सीमित नहीं है। अधिकारी का गृह जनपद भी पास में होने के कारण क्षेत्र में उनका दबदबा कायम बताया जा रहा है। ग्रामीणों का



आरोप है कि प्रभाव और रसूख के चलते शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा।

सवाल यह उठ रहा है कि क्या योजना का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुँच रहा है या फिर कागजी औपचारिकताओं के सहारे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है? जिस महिला की फोटो समाचार में प्रकाशित की जा रही है क्या समाज कल्याण विभाग बता पाएगा कि यह कौन सी महिला है और इसके आदमी का क्या नाम है जबकि इसकी शादी पूर्व में हो चुकी है और इसके पास 15 महीने का बच्चा भी है । इस महिला का नाम है शहजादी परवीन इसके पति का नाम है कर्सर इससे ज्यादा साक्ष्य के तौर पर समृद्धि न्यूज़ समाज कल्याण अधिकारी को नहीं दे सकता है यदि शासन इस पर संज्ञान ले तो जिस कदर गोंडा में सामूहिक विवाह के नाम पर धन की बर्बादी हो रही है उसे रोका जा सकता है। हालांकि आधिकारिक स्तर पर अभी तक कोई ठोस बयान सामने नहीं आया है, लेकिन जनमानस में आक्रोश साफ देखा जा सकता है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कर विश्वास बहाल करता है या फिर यह प्रकरण भी फाइलों में दबकर रह जाता है। जब इस प्रकरण पर समृद्धि न्यूज़ के पत्रकार ने जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह से जानकारी लेना चाहा तो उन्होंने कहा की सबूत प्रस्तुत करो तब मानेंगे।

# आईजीआरएस में विभागों द्वारा मनमानी रिपोर्ट लगाने का आरोप, बगैर जांच पड़ताल ही लगा दी जाती है झूठी रिपोर्ट

गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।

जनपद में मुख्य मंत्री के सपनों का पोर्टल (आईजीआरएस) एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली आमजन की शिकायतों का सबसे बड़ा प्लेटफार्म है।

जनता का विश्वास है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस पोर्टल पर स्वयं नजर रखते हैं।हालांकि शिकायतों का निस्तारण भी हो रहा है लेकिन शिकायतों की अनदेखी की लंबी फेहरिस्त भी है। हाल ही में कुछ विभागों के द्वारा आईजीआरएस पर लगाई गई रिपोर्ट शिकायतकर्ता के लिए झटके के अलावा कुछ साबित नहीं हो रहा।जमीनी स्तर पर शिकायतों का निस्तारण न करके हवा-हवाई निस्तारण करके विभाग इतिश्री कर लेते हैं और शिकायत करने वाले के नजर में उच्च अधिकारियों पर सवाल खड़ा हो जाता है,यही नहीं निस्तारण को स्पेशल क्लोज करने से भी बड़ी




खामियां सामने आ रही है,वहीं कुछ जानकारों की मानें तो अब आईजीआरएस पोर्टल में भारी बदलाव की जरूरत है,वहीं निगरानी और फीडबैक को भी मजाक बनाया जा रहा है।

हाल ही में जानकारी प्राप्त हुई नाम गुप्त रखने के शर्त पर शिकायतकर्ता ने बताया की उसने वन विभाग के एक कर्मचारी के विरुद्ध जांच सहित कई अन्य आरोप लगा कर आईजीआरएस पर शिकायत की थी लेकिन रिपोर्ट शिकायत सम्बन्धित लगाया ही नहीं गया।ऐसा ही एक मामला विद्युत विभाग का प्रकाश में आया एक अवर अभियंता के विरूद्ध आरोप की जांच के सम्बन्ध में शिकायत कर्ता ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की थी लेकिन शिकायतकर्ता के अनुसार निस्तारण विभागीय कर्मचारी को बचाने के लिए मनमाफिक रिपोर्ट लगाकर कर दिया गया न तो शिकायततकर्ता से सम्पर्क किया न ही उसका पक्ष जानने की कोशिश की गई।

इस तरह के रिपोर्ट लगाने वाले विभागों पर उच्च स्तरीय निगरानी की जरूरत है। जिससे सरकार के द्वारा आमजनता तक न्याय पहुंच सके और सही व स्थाई शिकायतों का निस्तारण जमीनी स्तर पर हो सके। यह तो सिर्फ बानगी मात्र है जो सरकार के नियमों की खुला मजाक उड़ा रहे हैं,अगर गुप्त जांच आईजीआरएस पर शिकायतों के रिपोर्ट पर हो जाये तो बड़े-बड़े जिम्मेदार अधिकारियों की पोल खुल जाएगी,जो सरकार के इस सपनों पर पानी फेर रहे हैं।

## जिले में धड़ल्ले से चल रहा अवैध खनन



**गोन्ड, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में तो अवैध खनन पर ध्यान देने वाला कोई नहीं है लगातार खनन के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है यह भी कहना है कि अवैध खनन को लेकर खनन अधिकारी को जानकारी देने के बावजूद कार्यवाही में हिला हवाली कहीं न कहीं जिम्मेदार के मिली भगत की ओर इशारा करता है।हाल में अवैध खनन की खबर पर तत्काल कार्यवाही का न होना कहीं न कहीं खनन अधिकारी पर सवालिया निशान लगा रहा है,वहीं खनन विभाग के निष्क्रियता और जवाबों के कारण खननकर्ता मन बढ़ हो चुके हैं जिसका अंजाम यह है कि सायं 6 बजते ही खननकर्ता सक्रिय हो जाते हैं और खनन विभाग में लोग फोन कर जानकारी देते रहे जाते हैं,परन्तु खनन विभाग की कोई प्रक्रिया न होने पर लगता है की सांठगांठ रहती है वरना सिर्फ एक व्यक्ति के खनन करने की शिकायत पर खनन विभाग शान्ति क्यों मार लेते हैं। स्थानीय जानकारों की मानें तो थाना कोतवाली देहात अन्तर्गत कई गांवों में खननकर्ता सक्रिय है और डम्फर भरने का काम धड़ल्ले से कर रहे हैं खनन अधिकारी जब ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी जाती है तो अन्य बात कहकर मामले को दबा देने का काम बाखूबी निभाते हैं।यह सिर्फ सायं को अवैध खनन शुरू होकर रातभर खनन होता है परन्तु न पुलिस संज्ञान लेती है और न जिम्मेदार विभाग जबकि पिछले कुछ खननकर्ता पर जबरन कार्यवाही करके खनन विभाग वाहवाही लूट रहा था तो अब क्या सांठगांठ हो गई है कि कार्यवाही करने में मामले को आमजन की शिकायत बावजूद सब ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। ग्रामीणों में चर्चा है कि खननकर्ता का कहना है वह पुलिस और खनन अधिकारी को लाइन देते हैं जिससे जानकारी के बावजूद सिर्फ हिल्ला हवाली होती है कार्यवाही शून्य और राजस्व को चूना लगाकर रात भर ओवर लोड डंफर सड़कों पर फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं।फिलहाल खननकर्ता मनबढ़ हो चुके हैं इक्का दुक्का लोगो पर कार्यवाही करके खनन विभाग सिर्फ वाहवाही लूट लेते बाद में लाखों का खेल चलता है।

## खबरें एक नजर में

### जनसुनवाई में आने वाले जरूरतमन्द व असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये : डीएम



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील महसी में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विष्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी प्रकाश सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, सीओ पवन कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान मोहन लाल पुत्र लालता प्रसाद ने बताया कि उसने कभी के.सी.सी. नहीं करवाया है लेकिन उसके गाटा सं. 281 मौजा दहाव की खतौनी में किसी अन्य व्यक्ति कल्लू पुत्र राम सनेही के नाम से बन्धक हो गयी है। जबकि कल्लू इस गाटा संख्या के खातेदार भी नहीं है। मोहन लाल द्वारा खतौनी को बन्धक मुक्त कराये जाने फरियाद की। जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी के निर्देश पर तत्काल मोहन लाल की खतौनी पर बंधक मुक्त आदेश दर्ज कराकर खतौनी का दुरूस्त कर दिया गया। डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। डीएम ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करें। इस अवसर पर व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 27 में 03, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 22 में 02, कैसरगंज में 36 में 05, पयागपुर में 22 में 05, नानपारा में 32 में 06 तथा तहसील सदर में प्राप्त 15 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।

### बाइक सावार पर तेंदुए ने किया हमला, घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मुर्तिहा इलाके में तेंदुए के हमले से हड़कंप मच गया। बाइक से लौट रहे एक युवक पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।अमृतपुर गांव निवासी मनोज अपने साथी कमलेश के साथ बाइक से बाजार गए थे। लौटते समय अमृतपुर चौराहे से करीब 100 मीटर पहले अचानक तेंदुए ने पीछे बैठे मनोज पर हमला कर दिया। हमले के चलते बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और दोनों युवक नीचे गिर पड़े। मनोज की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और हांका लगाकर तेंदुए को भगाया। लोगों की भीड़ बढ़ती देख तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। हमले में मनोज का दाहिना हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद परिजन घायल मनोज को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल जिला अस्पताल में मनोज का इलाज जारी है।

### पानी देने से मना करने पर लड़की को मारा चाकू गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के मटेरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने 12 वर्षीय किशोरी पर चाकू से हमला कर दिया। घटना देर रात घर के बरामदे में हुई, जिसमें किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। किशनपुर मीठा गांव निवासी रजिया (12) देर रात अपने घर के बरामदे में सो रही थी। तभी इलाके के एक युवक ने उस पर हमला कर दिया। घायल किशोरी ने परिजनों को बताया कि युवक ने उससे पानी मांगा था और मना करने पर उसने पेट पर चाकू से वार कर दिया। किशोरी की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। परिजनों ने तत्काल मटेरा थाने में घटना की जानकारी दी और किशोरी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी मटेरा हरिकेश सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर इलाके के रहने वाले सोनू नामक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## कुत्ते के हमले से 10 साल का बच्चा घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** एक दस साल के बच्चे पर कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्चा अपनी मां के साथ खेत जा रहा था, तभी यह घटना हुई। ग्रामीणों ने बच्चे की चीख सुनकर लाठी-डंडे लेकर कुत्ते को भगाया। घायल बच्चे को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।यह घटना शनिवार को रिसिया थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में हुई। राजेंद्र नगर निवासी अकरम अली का दस वर्षीय बेटा शबान अपनी मां के साथ खेत जा रहा था। रास्ते में एक आवारा कुत्ते ने उस पर अचानक हमला कर दिया, जिससे उसके चेहरे पर घाव हो गए। मां के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चे को बचाया। शबान को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से इलाके में घूम रहे आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# अग्रवाल बुक डिपो की दुकान पर मिली भारी मात्रा में नकली किताबें

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

नगर कोतवाली क्षेत्र में पुरानी सब्जी मंडी के पास स्थित अग्रवाल बुक डिपो की दुकान पर कक्षा आठ से लेकर कक्षा 12 विषय की नकली किताबें पुलिस ने छापे मारी के दौरान भारी मात्रा में बरामद किया है। नगर कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि आर्यन राघव पुत्र संजीव कुमार राघव निवासी सी प्रथम मंजिल, स्वर्ण जयंती पुरम, थाना मधुबन बापू धाम, जिला गाजिया बाद उत्तर प्रदेश ने सूचना दिया कि विभिन्न प्रकाशन जिस में एस चंद एण्ड कंपनी लिमिटेड जिस का पता फ्लोर मोहन कोरपोरेटिव् इन्डस्ट्रीअल एस्टेट, नई दिल्ली एम सी गौरव हिल एजुकेशन इंडिया प्राइवेट लिमटेड ऑफिस-केन्डर टेक स्पेन, टावर नोएडा, उत्तर प्रदेश धनपत राय पब्लिकेशन ऑफिस-अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली स्पेक्ट्रम बुक प्राइवेट लिमिटेड प्रथम मंजिल, जनकपुरी, नई दिल्ली अविचल पब्लिकेशन कंपनी ऑफिस रोड, करोल बाग, नई दिल्ली के प्रकाशन की किताबें नकली बेची जा रही है। उस ने बताया कि विभिन्न कंपनी उस को नकली पुस्तकें छापने, बनाने, बेचने का कार्य करते है उनकी जांच करने एवं पुलिस में शिकायत कर कानूनी कार्यवाही करवाने हेतु अधिकृत किया है। मुझे नकली असली किताबों को जाँचने की ट्रेनिंग दी गई है। उपरोक्त कंपनियों की नकली पुस्तकों को असली किताबें बताकर बेचे जाने की सूचना मिली जिस की जांच करने के लिए मुझे गोंडा भेजा गया। गोडा पहुँच कर बीते 13 अप्रैल को नगर कोतवाली थाना के अंतर्गत विभिन्न पुस्तक विक्रेताओं द्वारा नकली पुस्तकों की विक्री के संबंध में पता किया तो मालूम हुआ कि हमारे उपरोक्त प्रकाशनों की नकली पुस्तकों की बिक्री जिन पर नकली होलोग्राम व घटिया छपाई अग्रवाल बुक डिपो पुरानी सब्जी मंडी बाजार चौक द्वारा की जा रही है। जिस की सूचना पुलिस अधिकारी भागलपुर बिहार को दी। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने थानाध्यक्ष थाना कोतवाली नगर जिला गोंडा को दिशानिर्देश किया गया। थानाध्यक्ष थाना कोतवाली नगर द्वारा छापामारी दल का गठन कर छापामारी करने का निर्देश दिया गया। पुलिस ने छापेमारी किया गया। पुलिस को देखकर भीड़ इकठ्ठा हो गई। अग्रवाल संस पुरानी सब्जी मंडी बाजार चौक पर पहुंचे और साथ में दो साक्षी भी थे। दुकान के काउंटर पर मौजूद व्यक्ति से उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम श्रवण कुमार अग्रवाल पिता स्वर्गीय हरीश चंद अग्रवाल बताया और दुकान का मालिक बताया तलाशी लेने पर इनके मकान के बाहरी कमरे में भारी मात्रा में प्रकाशनों की नकली किताबें बरामद हुई। एस चंद एण्ड कंपनी लिमिटेड कक्षा 10 विज्ञान विषय की 37 किताबे इंग्लिश विषय की नकली किताबों के साथ ही कक्षा 8 और 9 इंटर विषय की नकली किताबें भारी मात्रा में मिली है। जिस को पुलिस ने बरामद कर लिया।एस चंद एण्ड कंपनी लिमिटेड स्पेक्ट्रम बुक्स प्राइवेट लिमिटेड की कुछ किताबों पर नकली होलोग्राम लगा है तो कुछ किताबों पर कोई होलोग्राम नहीं हैं। नगर कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि किताब मालिक श्रवण कुमार अग्रवाल पुत्र हरिशचंद्र अग्रवाल पुरानी सब्जी मंडी के खिलाफ में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# पेट्रोल पम्प बना गुंडागर्दी का अड्डा किसानों से बदसलूकी पर भड़का आक्रोश

- यूनियन कार्यकर्ताओं से धक्का-मुक्की
- दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई नहीं तो होगा सड़क से लेकर तहसील तक जोरदार विरोध प्रदर्शन

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।

मिहीपुरवा तहसील क्षेत्र के जालिमनगर गांव के पास स्थित इंडियन ऑयल पटेल पेट्रोल पम्प पर हालात उस वक्त बेकाबू हो गए, जब किसानों के साथ कथित अभद्रता का मामला तूल पकड़ गया।

आरोप है कि 17 अप्रैल 2026



को पम्प मालिक की मौजूदगी में किसानों के साथ न केवल बदसलूकी की गई, बल्कि उन्हें अपमानित भी किया गया।घटना से आक्रोशित किसान जब अगले दिन किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले मौके पर पहुंचे, तो हालात और विस्फोटक हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पेट्रोल पम्प के कर्मचारियों ने सवाल पूछने पहुंचे यूनियन पदाधिकारियों और किसानों के साथ धक्का-मुक्की की और खुलेआम गाली-गलौज की। इस पूरे घटनाक्रम ने इलाके में उबाल ला दिया है। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है।

यूनियन नेताओं ने प्रशासन को साफ चेतावनी दी है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो सड़क से लेकर तहसील तक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि यदि ऐसे मामलों पर लगाम नहीं लगाई गई, तो कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होंगे। फिलहाल प्रशासन की चुप्पी इस मामले को और ज्यादा गर्मा रही है।

# डीएम-एसपी ने घाघराघाट व चहलारीघाट का किया निरीक्षण

- डीएम बोले- पीपा पुल पर होगी प्रकाश की व्यवस्था, धूल को लेकर होगा पानी का छिड़काव

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पश्चात जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के साथ बहराइच-सीतापुर मार्ग पर स्थित चहलारीघाट सेतु का निरीक्षण किया।बहराइच-लखनऊ मार्ग पर घाघरा नदी पर निर्मित संजय सेतु की मरम्मत तथा पान्टून पुल से भारी वाहनों के गुज़रने पर प्रतिबन्ध के कारण बहराइच सीतापुर मार्ग पर वाहनों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों के साथ शुक्रवार को देर शाम घाघराघाट का भ्रमण कर संजय सेतु की मरम्मत तथा छोटे वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर निर्मित किये गये पान्टून पुल का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पान्टून पुल पर वाहनों के आवागमन में आमजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीएम ने सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा



एप्रोच मार्गों पर उड़ने वाली धूल से राहत देने के लिए पानी का छिड़काव कराते रहने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देश दिया कि किसी आपातिक स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सक दल के साथ एम्बुलेन्स, तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग की टीम, आपदा प्रबन्धन बल के साथ साथ पुलिस एवं ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती करने के निर्देश दिये।

संजय सेतु पर आनगोईंग मरम्मत कार्य का निरीक्षण करते हुए डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये बल्कि निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से कार्यों को पूर्ण करायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी डी.के. श्रीवास्तव, अधि.अभि. लो.नि.वि. अमर सिंह सहित जनपद बहराइच व बाराबंकी के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पीडब्ल्यूडी की सड़क निर्माण में लापरवाही, जेसीबी से तोड़ी मकान की दीवार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के मोहल्ला नौवागढ़ी (निकट पुलिस लाइन परेड ग्राउंड) में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहाँ सड़क निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी मशीन से एक रिहायशी मकान की दीवार को ढहा दिया गया, जिससे पूरे मकान के गिरने का खतरा पैदा हो गया है। पीड़ित विजय कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार और अन्य स्थानीय निवासियों ने



- गिरने की कगार पर पूरा घर

जिलाधिकारी (डीएम) को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र के अनुसार, मोहल्ला नौवागढ़ी में पुलिस लाइन परेड ग्राउंड के पास पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क बनाने का कार्य चल रहा है। आरोप है कि कार्य के दौरान बिना सावधानी बरते जेसीबी मशीन चलाई गई, जिसकी चपेट में आने से प्रार्थियों के मकान की दीवार गिर गई।

### बढ़ता जा रहा है खतरा

पीड़ितों का कहना है कि दीवार गिरने से उन्हें न केवल भारी आर्थिक क्षति हुई है, बल्कि अब उनका पूरा मकान असुरक्षित हो गया है। उन्होंने आशंका जताई है कि यदि जल्द ही दीवार की मरम्मत नहीं कराई गई, तो पूरा मकान जमींदोज हो सकता है, जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान होने की संभावना है।

### प्रशासन से मरम्मत की मांग

मकान मालिकों ने जिलाधिकारी से विनम्र निवेदन किया है कि मामले का संज्ञान लेते हुए विभाग को क्षतिग्रस्त दीवार की तत्काल मरम्मत कराने हेतु निर्देशित किया जाए। पत्र पर विजय कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार श्रीवास्तव और दशरथ गौड़ सहित अन्य के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

# डिप्थीरिया से बचाव के लिये अपने बच्चों को अवश्य लगवाएं टीका : सीएमओ

- 20 अप्रैल से 2500 स्कूलों में चलेगा अभियान
- 5 से 16 वर्ष तक के बच्चों को सुरक्षित करने का लक्ष्य

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

बच्चों को डिप्थीरिया यानि गलघोंटू जैसी गंभीर और जानलेवा संक्रामक बीमारी से महफूज रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 20 अप्रैल से विशेष स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के लगभग 2500 विद्यालयों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें पहुंचेंगी और करीब 70 हजार बच्चों को टीडी व डीपीटी बूस्टर की खुराक से आच्छादित करेगी।

**टीकाकरण न होने पर जानलेवा हो सकती है बीमारी:-** सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि बच्चों की सेहत और सुरक्षा स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डिप्थीरिया एक गंभीर संक्रामक बीमारी है, जो सीधे बच्चों के गले और श्वसन तंत्र पर हमला करती है। इससे सांस लेने में गंभीर परेशानी जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। यदि समय पर टीकाकरण न हो, तो यह बीमारी हृदय और नसों को भी नुकसान पहुंचा सकती है। इसीलिए सभी पात्र बच्चों को अतिरिक्त सुरक्षा देने के उद्देश्य से यह स्कूल आधारित अभियान शुरू किया जा रहा है। सीएमओ ने अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें, ताकि कोई भी बच्चा इस महत्वपूर्ण सुरक्षा चक्र से वंचित न रह जाए।



### माइक्रोप्लान तैयार, शिक्षा विभाग के साथ समन्वय

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके सिंह ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद के 2500 स्कूलों को शामिल करते हुए एक विस्तृत माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के समन्वय से विद्यालय स्तर पर सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 5 से 16 वर्ष तक के बच्चों को डिप्थीरिया के विरुद्ध अतिरिक्त सुरक्षा दी जाएगी। इसके तहत लगभग 22000 बच्चों को डीपीटी बूस्टर की दूसरी खुराक और करीब 70 हजार बच्चों को टीडी10 (10 वर्ष के बच्चे) और टीडी16 (16 वर्ष के बच्चे) की खुराक दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमें सीधे विद्यालयों में जाकर बच्चों का टीकाकरण करेंगी। इसके लिए अभिभावकों को भी निरंतर जागरूक किया जा रहा है ताकि शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा सके।

# दो माह से बंद हैंडपंप ने बढ़ाई परेशानी

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

ग्राम सभा लालगंज के प्राथमिक विद्यालय लालपुर जुनेद में बीते लगभग दो माह से राजकीय हैंडपंप खराब पड़ा है, जिससे विद्यालय में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। भीषण गर्मी के बीच बच्चों, अध्यापकों और रसोई कर्मचारियों को शुद्ध पानी के लिए जूझना पड़ रहा है।

विद्यालय में प्रतिदिन संचालित होने वाले मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। भोजन बनाने के लिए पानी की व्यवस्था करना चुनौती बन गया है, वहीं बच्चों को पीने के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध न होने से उनके स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। छोटे-छोटे बच्चों को मजबूरी में दूरस्थ स्थानों से पानी लाना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। विद्यालय



- प्राथमिक विद्यालय में गहराया पेयजल संकट

स्टाफ के अनुसार, हैंडपंप खराब होने की सूचना कई बार संबंधित अधिकारियों खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत तथा पंचायत सचिव को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे विभागीय लापरवाही उजागर हो रही है। ग्रामीणों ने इस स्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की समस्या और विकराल हो गई है। उनका कहना है कि प्राथमिक विद्यालय जैसे संवेदनशील स्थान पर इस प्रकार की अनदेखी बेहद चिंताजनक है। यह मामला केवल एक हैंडपंप खराब होने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो इससे बच्चों की उपस्थिति और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो सकते हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल संज्ञान लेते हुए हैंडपंप की मरम्मत कराई जाए, ताकि विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था सुचारु रूप से बहाल हो सके और बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। त्वरित कार्रवाई ही इस समस्या का स्थायी समाधान है।

# घरेलू सिलेंडर का दुरुपयोग बन रहा आमजन की परेशानी का कारण

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

नगर और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत ने आमजन के सामने गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। बीते कई दिनों से गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं, जहां एक सिलेंडर प्राप्त करने के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इससे घरेलू कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो रहा है और लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है।

इस संकट के पीछे केवल आपूर्ति की कमी ही नहीं, बल्कि घरेलू गैस के कथित दुरुपयोग को भी बड़ा कारण माना जा रहा है। नगर के कई होटल, ढाबे और छोटे खाद्य प्रतिष्ठानों में घरेलू



गैस सिलेंडरों का खुलेआम व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है, जो नियमों के विरुद्ध है। इससे वास्तविक उपभोक्ताओं के हिस्से की गैस बाजार में कम पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में घरेलू गैस सिलेंडरों की खरीद-फरोख्त ऊंचे दामों पर हो रही है। कुछ दुकानदार इस स्थिति का फायदा उठाकर कालाबाजारी कर रहे हैं, जिससे समस्या और विकराल होती जा रही है। चाय की दुकानों से लेकर ठेला संचालकों तक, कई जगहों पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग साफ देखा जा सकता है। यह समस्या बहुआयामी है, जिसमें आपूर्ति तंत्र की कमजोरी, निगरानी की कमी और नियमों का उल्लंघन शामिल है। यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में यह संकट और गहराने की आशंका है। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की कालाबाजारी और अवैध उपयोग पर सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही गैस एजेंसियों की आपूर्ति व्यवस्था को नियमित और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। गैस संकट केवल एक अस्थायी समस्या नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार की जरूरत का संकेत है। प्रभावी निगरानी और त्वरित कार्रवाई ही इसका समाधान है।

## खबरें एक नजर में

### दहेज प्रताड़ना में पति, सास, ससुर समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** डेढ़ वर्ष पूर्व लाखों के जेवर , नकदी व कीमती दहेज के साथ बेटी की विदाई करने वाले पिता से दहेज लोभी ससुरालियों ने बेटी को प्रताड़ित कर पांच लाख नकदी व स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग करते हुए घर से निकल दिया। पीड़िता ने मायके आकर पति , सास , ससुर समेत सात लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला मौजमपुर उमा टॉकीज बाली गली निवासी सुनील राठौर की बेटी प्रतिभा राठौर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके माता पिता ने 23 नवंबर 2024 को सीतापुर शहर के मोहल्ला होली नगर चौराहा (निकट सीपी स्कूल) आर्य स्वीट हाउस वाले कमल किशोर राठौर के बेटे शसांक राठौर के साथ 35 लाख रुपए खर्च कर शादी की थी। आरोप है कि उसके पति शशांक राठौर, ससुर कमल किशोर राठौर, सास मीना राठौर, चचेरी सास रीना राठौर, चचेरे देवर विक्रांत राठौर व वरुण राठौर ने दहेज से संतुष्टि न होने पर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि उक्त सभी ने उसे मात्र पहने हुए कपड़ों में ही यह कहते हुए घर से निकल दिया कि पांच लाख रुपए व स्कॉर्पियो लाने पर वह उनके घर में रह सकती है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पिता उसे साथ लेकर सीतापुर ससुराल गए और सभी को काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन उक्त लोग दहेज की जिद पर अड़े रहे। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि पीड़िता प्रतिभा राठौर की ओर से दहेज प्रताड़ना की धाराओं में सात लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है।

### पत्नी के रहते दूसरी शादी करने का आरोप

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी पीड़िता ने सीओ को पत्र देकर पति द्वारा प्रताड़ित करने तथा दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। इससे पूर्व पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगा चुकी है । जिस पर कोई कार्रवाई ना होते देख सीओ को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। थाना क्षेत्र के गांव की पीड़ित महिला ने सीओ को दिए गए पत्र में बताया कि उसकी शादी 16 वर्ष पूर्व जनपद बदायूं के एक युवक के साथ हुई थी। शादी में सामर्थ अनुसार दान दहेज भी दिया गया था। शादी के बाद से ही ससुरारी जनों द्वारा अतिरिक्त दहेज के लिए मानसिक तथा शारीरिक उत्पीड़न किया जाने लगा। लोक लाज के भय से पीड़िता यातनाएं झेलती रही। जिसके बाद उसके पति ने उसे घर से निकाल दिया तथा उसे बिना तलाक दिए उसकी चचेरी बहन से शादी कर ली। पीड़िता की एक नाबालिक पुत्री है। जिसकी शिक्षा और पालन पोषण का भी परित्याग कर दिया है। पीड़िता अब अपने बुजुर्ग माता-पिता के पास रहने को मजबूर है। पीड़िता ने सीओ से न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

### बुजुर्ग ससुर को धोखा देकर जमीन का बैनामा करा लेने का आरोप

**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।** बुजुर्ग ससुर को धोखा देकर जमीन का बैनामा करा लेने और घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट करने के आरोप में महिला ने तहसील समाधान दिवस में पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला देवेंद्रि ने पत्नी धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम पिपरिया हरीशचंद्र ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनके ससुर कस्तूरी सिंह जो बुजुर्ग हैं और उन्हें कम सुनाई देता है। आरोप है कि इसी कमजोरी का फायदा उठाकर गांव के ही प्रेमपाल (पुत्र रोशन लाल) और सुधीर सिंह (पुत्र हेतराम) ने उनसे किसी तरह की गलत सुधीर के नाम बैनामा करवा लिया । जब उसे इस बात की जानकारी हुई तो उसने आपत्ति जाहिर की जिस पर 16 अप्रैल 2026 को सुबह लगभग 8 बजे उक्त दोनों आरोपी उनके घर में घुस आए। जब उन्होंने इस बारे में सवाल पूछा और इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया।आरोप है कि आरोपियों ने महिला के साथ लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उन्हें गुम चोटें आईं। इसके साथ ही, उन्होंने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला ने तहसील समाधान दिवस पर पुलिस प्रशासन से न्याय की मांग की है। वहीं नवागत उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज ने थाना प्रभारी बंडा प्रदीप कुमार राय को मामले में निर्देशित कर जल्द जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने को जिला प्रशासन सख्त

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** डीएम एवं सीडीओ के निर्देशन में आज रविवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम हेतु जनसामान्य से अपील की गई है। इसके लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की किशोरियों एवं 21 वर्ष से कम आयु के किशोरों का विवाह कराना कानूनन अपराध है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत ऐसा करने पर 2 वर्ष तक की सजा या 1,00,000 तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। डीएम द्वारा महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 ,महिला हेल्प लाइन 181की टीम एवं अन्य विभागों को सतर्क रहते हुए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह की सूचना तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1098, 112, 181 पर दें और इस कुप्रथा को रोकने में सहयोग करें।

### मेला में झूले के टिकट विवाद में कमेटी सदस्यों ने दो को जमकर पीटा

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** जानकी महाराज मेला में झूले के टिकट विवाद को लेकर ममेरे फुफेरे भाइयों पर लाठी-डंडों से हमला करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्यानपुर तालुके चमरौरा निवासी सूर्याश सिंह पुत्र जदूवीर सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती चार अप्रैल शाम करीब पौने पांच बजे वह ममेरे भाई के साथ कपसेडा में जानकी महाराज मेला गया था जहाँ मेले में लगे झूले के टिकट को लेकर मेला कमेटी के सदस्यों से विवाद हो गया। आरोप है कि वहां मौजूद कमेटी के सदस्य ध्रुव यादव, मुकेश यादव, तरुण यादव, शैलेश यादव, शिवम यादव , विक्की यादव तथा इनके चार अन्य अज्ञात साथियों ने उसे व उसके ममेरे भाई विक्रांत सिंह पुत्र सतेंद्र सिंह से अभद्रता करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। और दोबारा दिखने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए बर्बरता पूर्वक पीटने से उन दोनों के गंभीर चोटें आई।

### शिक्षकों का 8वें दिन भी काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन जारी

#### आर्य महिला महाविद्यालय में वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त एआई कैमरों को लेकर विवाद गहराया

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** आर्य महिला डिग्री कॉलेज में स्टाफ रूम-प्राध्यापक कक्षों में वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त एआई कैमरे लगाए जाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शनिवार को 8 वे दिन भी काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन जारी रहा। शिक्षकों का आरोप है कि जब वह निर्धारित समय पर महाविद्यालय पहुंचे तो कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. रूपांशु माला द्वारा उपस्थिति पंजिका उपलब्ध नहीं कराई गई। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो.रूपांशु माला उनके हस्ताक्षर नहीं होने दे रही है । शिक्षकों का कहना है कि सांकेतिक विरोध प्रदर्शन के माध्यम से अपनी बात रखने का क्या हम सबका अधिकार नहीं है, सभी शिक्षक लगातार अपनी कक्षाएं ले रहे हैं और छात्राओं का शिक्षण कार्य प्रभावित नहीं होने दे रहे हैं। शिक्षकों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि हम सभी की समस्याओं का समाधान किया जाए, शिक्षकों की उपस्थिति विधिवत दर्ज करवाई जाए और प्राध्यापक कक्षों में वॉयस रिकॉर्डिंग वाले कैमरे न लगाए जाएं, ताकि शैक्षणिक वातावरण और शोध कार्य प्रभावित न हो। सांकेतिक विरोध प्रदर्शन में शिक्षक डा. विजय गुप्ता,डा. एमपीएस चौहान, डा. आशीष गोयल, ऋतु शर्मा, नम्रता लता, डा.उपासना श्रीवास्तव,डा. मृदुल शुक्ला, डा. ज्योति गुप्ता, डा. उमेश भारती, डा.गुलशन रस्तोगी, रीतू मिश्रा, सीता वर्मा, भावेश मिश्रा, शालिनी श्रीवास्तव, शशांकी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठा. योगेंद्र पाल सिंह तोमर की प्रतिमा का विधायक ने किया भव्य अनावरण

**सेनानी के परिजनों का हुआ सम्मान, गुरुकुल कर्मचारियों ने किया हवन पूजन**



**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव उमरसड़ में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठा. योगेंद्र पाल सिंह तोमर की प्रतिमा का विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने भव्य अनावरण किया। कार्यक्रम में विधायक समेत गणमान्य एवं क्षेत्र के सैकड़ों लोग प्रतिमा अनावरण के साक्षी रहे। प्रतिमा का अनावरण से पूर्व मुख्य अतिथि विधायक डा. वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस' के सानिध्य में रूद्रपुर गुरुकुल प्रबंधक अनुभव आर्य के साथ पधारे ब्रह्मचारियों ने हवन पूजन किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के जिला संरक्षक ठा. विजय सिंह तोमर ने अपने पिता स्वतंत्रता सेनानी ठा योगेंद्र पाल सिंह तोमर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। संगठन के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार राजे ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारियों के हितार्थ मुख्यमंत्री सम्बोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक वीर विक्रम सिंह को सौंपा। विधायक ने मुख्यमंत्री तक पहुंचाने व समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार राजे, सत्य प्रकाश सिंह, अवधेश सिंह, चन्द्र मोहन शंखधार, ओमकांत शुक्ला, जमालुद्दीन तथा अनुरुद्ध कुमार शास्त्री प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम आयोजक विजय सिंह तोमर, डॉ. प्रमोद कुमार सिंह एवं मुख्य अतिथि द्वारा सभी को माल्यार्पण कर शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ख्यातिलब्ध हास्य-व्यंग्य कवि विजय तन्हा ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में खुदागंज चेयरमैन सुधीर सिंह, मदनापुर ब्लॉक प्रमुख महेश पाल सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, राजवीर सिंह, प्रताप सिंह यादव, सुग्रीव सिंह, गौरव सागर, ओम प्रकाश गुप्ता, मुनीश सिंह परिहार, मुन्ना सिंह तोमर, अनुराग सिंह तोमर, तेजेन्द्र पाल सिंह तोमर, विक्रम सिंह गंगवार, सौरभ सिंह गांधी, देवेंद्र गुप्ता एडवोकेट समेत तमाम लोगों ने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि डॉ वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस' ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का त्याग और बलिदान हमारी अमूल्य धरोहर है। ऐसे महान सेनानियों की स्मृति में प्रतिमा स्थापित किया जाना आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने इतिहास को संजोकर रखना है। जिससे युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरणा मिलती रहे। अंत में कार्यक्रम आयोजक विजय सिंह तोमर ने सभी आगंतुकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## बेगू सराय के युवक का रेलवे ट्रैक पर मिला क्षत-विक्षत शव

समृद्धि न्यूज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** रेलवे ट्रैक पर एक क्षत विक्षत शव पड़े होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को ट्रैक से हटबाकर ट्रैक सुचारू करवाया। शव के कपड़ों से मिले मोबाइल को डायल किए जाने पर मृतक की बेगू सराय विहार के धर्मेंद्र कुमार के रूप में शिनाख्त हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजबा दिया। शुक्रवार रात करीब साढ़े बजे कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव धनेली पल्टू के समीप रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत अज्ञात शव पड़ा देखा गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली से एसआई गौरव कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की जेब से मिले मोबाइल को डायल में मौजूद एक नंबर पर डायल करने पर मृतक की बिहार के बेगूसराय जनपद निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र राजेंद्र शाह के रूप में शिनाख्त हुई।

पुलिस ने मृतक के परिजनों को दुर्घटना की सूचना देने के साथ ही शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

## मानव श्रृंखला ने दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रभावी प्रचार प्रसार एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं के द्वारा निर्मित इस मानव श्रृंखला में नारी सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न उद्घोषों एवं गीतों के माध्यम से माहौल को जागरूकतामय बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में हाथ डालकर नारी शक्ति जागरूकता के प्रतीकस्वरूप एक लंबी मानव श्रृंखला बनाई। इस दौरान 'नारी शक्ति, देश की शक्ति 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे प्रेरणादायक नारों से वातावरण गूंज उठा। प्रोफेसर पूनम और सीतू शुक्ला के समन्वयन में हुए इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आर के आजाद, डॉ आलोक सिंह, डॉ शिशिर शुक्ला, डॉ प्रांजल शाही, डॉ अरुण यादव, डॉ बरखा सक्सेना, अमिता रस्तोगी, रचना रस्तोगी, डॉ प्रतिभा सक्सेना, डॉ विनीता राठौर, नमिता शुक्ला, डॉ प्रतिभा शर्मा, शिवानी भारद्वाज, शिवांगी शुक्ला, रश्मि राठौर सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित रहीं।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित



**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान डीएम एवं एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 45 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 7 का तत्काल निस्तारण किया गया। डीएम ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान 4 व्यक्तियों को राशन कार्ड भी वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस सहित आईजीआरएस एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जांचकर्ता अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के साथ समस्या निस्तारण के समय जीपीएस लोकेशन सहित फोटो अवश्य लें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के दौरान मौके पर लिया गया फोटो भी अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड किया जाए। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस शिकायतों को गलत तरीके से स्पेशल क्लोज किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा कहा कि ऐसा पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्ट्रेट गेट पर पोस्टर लगाना पड़ा भारी, दो हजार का जुर्माना

**डीएम के निर्देश पर नगरायुक्त ने भेजी निगम की टीम, हटवाए पोस्टर**

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** जनपद में सरकारी व प्राइवेट संपत्तियों, भवनों पर बगैर अनुमति, परमीशन के होर्डिंग, बैनर व पोस्टर लगाने वालों की अब खैर नहीं है। जनपद में शनिवार को कलेक्ट्रेट गेट पर एक मिठाई दुकान व बेकरी के शुभारंभ के पोस्टर चिपका देख डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने निगम अधिकारियों से नाराजगी जाहिर की और कार्मिकों को तलब करते हुए पोस्टर को वहां हटवाया। साथ ही पोस्टर लगाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नोटिस भेजते हुए दो हजार का जुर्माना ठोका की बात कही। डीएम की कार्यवाही से शहर में बगैर परमीशन नगर निगम के लगे होर्डिंग पोस्टर वालों में हड़कंप मच गया। वही नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने भी अवैध होर्डिंग बैनर हटाने के लिए नगर निगम की टीमें गठित कर अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने बताया कि जहां जहां बगैर परमीशन होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगे हुए हैं, उनको चिंहित कर नोटिस भेजें जाएगें। बता दें कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी अवैध तरीके से होर्डिंग बैनर लगने पर लोगों को चिंहित कर सख्त कार्यवाही को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आदेश दिया है।

उन्होंने इसके लिए एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा को कार्यवाही करने को कहा है। एडीएम प्रशासन ने कहा कि अवैध होर्डिंग बैनर लगाने वालों पर एक्शन लिया जाएगा।

जिन लोगों द्वारा यह कृत्य किया जाएगा, उनको नोटिस जारी कर जुर्माना भी लगाया जाएगा। बगैर परमीशन के कोई भी होर्डिंग, बैनर न लगाएं।

इसके लिए नगर निगम अधिकारियों से भी वार्ता कर ली गई है।

## फायर आफिसर्स को किया गया सम्मानित



**शाहजहांपुर।** जेसीआई की ओर से 'सल्यूट अ साइलेंट स्टार' कार्यक्रम के अंतर्गत अग्नि शमन केंद्र में कार्यरत फायर ऑफिसर्स को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह मुख्य अग्निशमन अधिकारी बी.एन. पटेल की निगरानी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बातचीत के दौरान बी.एन. पटेल ने जेसीआई अध्यक्ष नवनीश कटियार को बताया कि कार्य करते समय सबसे ज्यादा समस्या अग्निशमन वाहन को गंतव्य तक पहुंचना होता है। जिसमें मार्ग अवरुद्धता के कारण काफी समस्या होती है। अतः नागरिकों से आग्रह किया गया कि जब भी कोई इमरजेंसी वाहनकृजैसे फायर ब्रिगेड या एंबुलेंस, सड़क पर हो, तो पब्लिक स्वतः उसे रास्ता दें, ताकि ये कर्मवीर अपने गंतव्य स्थल पर शीघ्र पहुंचकर प्रभावी रूप से सेवा प्रदान कर सकें। कार्यक्रम के दौरान फायर ऑफिसर्स के साहस, समर्पण एवं निस्वार्थ सेवा भावना की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जेसी नवनीश कटियार, जेसी अमित वर्मा, जेसी भुवन बंसल, जेसी अभिषेक जयसवाल, जेसी अमन मलिक, जेसी तरूण गुप्ता, जेसी विपिन रस्तोगी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रेशर हॉर्न व मॉडिफाई साइलेंसर लगाने वालों के खिलाफ चला अभियान




समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** जनपद में मॉडिफाई साइलेंसर एवं प्रेशर होने के खिलाफ डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश के बाद एआरटीओ ने सीओ ट्रैफिक, यातायात उप निरीक्षक के साथ संयुक्त रूप से विशेष चेकिंग अभियान चलाया। लगभग 40 वाहनों का चेकिंग की गई, जिसमें 8 वाहनों के ध्वनि प्रदूषण के चालान किए गए एवं विभिन्न गैरेज एवं एसेसरीज की दुकानों का चेकिंग चेकिंग की गई और उनको मॉडिफाई साइलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न न बिक्री करने एवं लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही जनपद में विभिन्न दो पहिया डीलर एवं गैराज संचालकों के साथ मीटिंग की गई और उन्हें प्रेशर हॉर्न लगाने एवं मॉडिफाई साइलेंसर न लगाने एवं सर्विस के समय ऐसे साइलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न जो ध्वनि प्रदूषण करते हैं, उनको सर्विस के समय हटाने के निर्देश दिए गए।

## पार्टी की नीतियों को और अधिक मजबूती से जन-जन तक पहुंचाएं : अभिषेक

**सपा छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक कटियार का हुआ स्वागत**

समृद्धि न्यूज




**शाहजहांपुर।** समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के निर्देश पर जनपद प्रभारी के रूप में समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक कटियार का आगमन समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर हुआ। जहां समाजवादी छात्र सभा जिला एवं महानगर की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर एवं बुके देकर भव्य स्वागत किया। समीक्षा बैठक समाजवादी छात्र सभा शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्यरूप से छात्रसभा के पदाधिकारियों के साथ 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर के अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई तथा जिला प्रभारी ने इस चर्चा में मुख्य रूप से संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी योजनाओं की समीक्षा और जमीनी स्तर पर पार्टी की नीतियों को और अधिक मजबूती से जन-जन तक पहुंचाने के लिए निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खां, समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष रामकुमार भोजवाल, छात्रसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष फरहान अली, गोपाल अग्निहोत्री एड., छात्र सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष विपेंद्र यादव, आकाश यादव, आनंद शुक्ला, छात्रसभा के महानगर अध्यक्ष सुबहान खान, असलम खान, समर्थ यादव, पीयूष मिश्रा, मनोज चौहान, सरताज खान, धनंजय सिंह, विवेश पाल, बालेश्वर गंगवार, विजय कुशवाहा, अभिषेक यादव, अमन गुर्जर, राहुल पाल, जयेंद्र यादव, पुष्पेन्द्र राजपूत,अनस खान सहित तमाम जिला एवं महानगर की कार्यकारिणी के कार्यकता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का कुशल संचालन समाजवादी छात्र सभा के जिला महासचिव चौधरी सौमित्र यादव ने किया।

## उम्मीद संस्थान ने एक टी.बी मुक्त भारत का अपना तीसरा चरण पूरा किया

समृद्धि न्यूज




**शाहजहांपुर।** कल उड़ान एक उम्मीद संस्थान ने एक टी.बी मुक्त भारत का अपना तीसरा चरण पूरा किया। जिसमें जागरूकता कार्यक्रम तथा 30 मरीज़ों को पोषण पोटली प्रदान की गई। ज्ञात हो कि पिछले दो वर्ष से संस्था टी.बी के लिए कार्यरत है। जिसमें जागरूकता अभियान और हर माह टी.बी के मरीज़ों को पोषण पोटली वितरित की जाती है। उत्तर प्रदेश सरकार ने टी.बी मुक्त भारत के लिए काफ़ी प्रयासरत हैं पर हम सब को भी कुछ क़दम उठाने होंगे लोगो को जागरूक करने की अत्यंत आवश्यकता है। सरकारी अस्पतालों में जाँच, एक्सरे, दवाईयाँ तथा सभी चीज़ें निशुल्क उपलब्ध होने पर भी टी.बी के मरीज़ भारी संख्या में है। अतः हर किसी को जागरूक होने की आवश्यकता है। संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने बताया कि उनकी संस्था ने शहर के मुख्य स्थानों जैसे कचहरी, कलेक्ट्रेट, सीएमओ ऑफिस, बस अड्डे, रेलवे स्टेशन आदि की दीवारों पर भी टी.बी के लिए जागरूकता संबंधी पेंटिंग भी करवाई है। उन्होंने सभी 30 मरीज़ों को समय पर नियमित दवा लेने और उचित पौष्टिक आहार लेने को कहा। इस अवसर पर पुवायां चेयरमैन श्री संजय गुप्ता जी भी उपलब्ध रहे हैं और उन्होंने भी मरीज़ों को दवाइयां लेने जाँच कराने और उचित आहार के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डी.टी.ओ ओमेन्द्र राठौर तथा पुवायां एम.ओ.आई.सी नरेंद्र पाल ने मरीजों को उचित निर्देश दिए तथा अपने परिवार के सभी सदस्यों को जांच कराने के लिए कहा।

कार्यक्रम में संस्था की उपाध्यक्ष रेखा मोदी, मीडिया प्रभारी अनिता गुप्ता, महामंत्री शैली गुप्ता, सचिव रश्मि गुप्ता के अतिरिक्त डी.पी.सी सिद्धार्थ गुप्ता तथा डी.पी.पी.एम.सी आरती सिंह उपलब्ध रही।

## चंद पेड़ों का परमिट लेकर काटे जा रहे फलदार वृक्ष



**जैतीपुर- शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड क्षेत्र में हरे-भरे फलदार वृक्षों का अवैध कटान जारी है। एक ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने पर जोर दे रही है, वहीं दूसरी ओर लकड़ी माफिया वन विभाग और पुलिस की कथित मिलीभगत से पेड़ों का सफाया कर रहे हैं। क्षेत्र में चोरी-छिपे फलदार वृक्षों को काटा जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि लकड़ी माफिया इतने शातिर हो गए हैं कि वे रातों-रात पेड़ काटकर उनकी जड़ें भी गायब कर देते हैं, ताकि मौके पर कोई सबूत न बचे। शुक्रवार रात करीब 9 बजे खेड़ा बझेड़ा चौराहे से आम के पेड़ों से लदी एक ट्रॉली निकली। ग्रामीणों ने बताया कि सूचना देने के बावजूद वन विभाग के कर्मचारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीण राम निवास, संदीप सिंह,सत्यवीर और अशोक ने आरोप लगाया कि खेड़ा बझेड़ा चौराहे से हर दूसरे-तीसरे दिन फलदार वृक्षों से लदी ट्रॉलियां गुजरती हैं।

## खबरें एक नजर में

### रिट्ज में बैसाखी की धूम, महापौर के साथ नारी सशक्तिकरण पर सशक्त संदेश



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** रिट्ज संस्था द्वारा बैसाखी का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया, मुख्य अतिथि के रूप में महापौर अर्चना वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ नारी सशक्तिकरण का संदेश देना रहा। कार्यक्रम की संस्थापक रितु बजाज ने बैसाखी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व खुशहाली, समृद्धि और एकता का प्रतीक हैं साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। महापौर ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने रिट्ज संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता और एकता को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक पंजाबी बोलियां, गिद्धा और भांगड़ा की जोशीली प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया और सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में बैसाखी क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें ॠचा गर्ग विजेता रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा.टीना अग्रवाल, सिल्की सलूजा, जैस्मिन माटा, बनीत लाम्बा,पल्लवी खन्ना, ज्योति मोंगा, अनु मिश्रा, शुभा अग्रवाल, मधु गोयल, श्वेता गुप्ता, मनप्रीत, शिल्पी, सिम्मी, नीता, कुशा, गरिमा आदि का सहयोग रहा। पूरे आयोजन में परंपरा, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण का सुंदर संगम देखने को मिला।

### बाल विवाह के दंड और अपराध बताते हुए जागरूक किया




**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशन व जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में चाइल्ड हेल्प लाइन, हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, श्रम विभाग की टीम द्वारा आगामी अक्षय तृतीया के अवसर पर ज्यादा बाल विवाह होने की संभावना को खत्म करने के लिए बाल विवाह के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। टैंट हाउस सेवाप्रदाता, बैंड बाजा सेवा प्रदाता, जनमानस द्वारा सदर बाजार व शहीद पार्क में बाल विवाह को ना- चैंपियन का सम्मान- जनपद स्तर पर रोक गए विवाहों में शामिल बालिकाओं के सामने आई चुनौतियों पर परिचर्चा की गई। बाल विवाह के दंड व अपराध बताते हुए जागरूक किया गया और कहीं भी विवाह की जानकारी मिलने पर 1098 नंबर डायल करने को कहा गया। तथा बाल विवाह न होने देने और इसकी जानकारी मिलने पर टोल फ्री नंबर में सूचना देने की शपथ दिलाई गई। साथ ही साथ महिला कल्याण विभाग की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना ,स्पॉन्सरशिप योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना, टोल फ्री नंबर आदि की जानकारी दी गई। तत्पश्चात स्कूल चलो अभियान के तहत ड्रॉप आउट बच्चों के माता-पिता व बच्चों से मुलाकात की गई, और ड्रॉप आउट हुए बच्चों से मुलाकात कर उनके माता-पिता को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए बाध्य किया गया। अभियान में श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश सिंह, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी महेंद्र सिंह, हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की टीम से डीएमसी अमृता दीक्षित, चाइल्ड हेल्पलाइन की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि देवी, सुपरवाइजर ज्ञान स्वरूप, केसवर्कर दिवाकर मिश्रा आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### पति से विवाद के बाद पत्नी ने खाया जहर, मौत

**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।** पति से विवाद होने के बाद पत्नी ने जहर खा लिया जहां इलाज के लिए उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया । जिला अस्पताल ले जाने के बाद परिजन उसे लेकर बरेली जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई । महिला के मायके वालों की तहरीर के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया और उसके पति को हिरासत में ले लिया गया । बंडा के गांव पमार नगला निवासी विजयपाल की 38 वर्षीय पत्नी राजेश्वरी का उसके ही पति से किसी बात को लेकर बृहस्पतिवार देर शाम विवाद हो गया जिससे नाराज होकर राजेश्वरी देवी ने शुक्रवार सुबह करीब छह बजे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया । जानकारी होने पर उसका पति विजयपाल उसे लेकर पहले बंडा के एक निजी क्लीनिक पर गया जहां से उसे लेकर सरकारी अस्पताल में पहुंचा लेकिन डॉक्टर ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया । जहां से वह उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टर ने उसकी हालत में सुधार नहीं देखा और उसे बरेली ले जाने के लिए बोला जिस पर परिवार के लोग उसे बरेली लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया । इस बात की जानकारी जब राजेश्वरी देवी के परिवार वालों को हुई तो उन्होंने बंडा थाने में तहरीर देकर उसके पति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की । जिस पर पहुंची बंडा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया । शनिवार शाम करीब चार बजे उसका शव गांव पहुंचा जिसके बाद पुलिस की देख देख में उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया । वहीं पुलिस ने उसके पति विजयपाल को हिरासत में लिया है । ग्रामीणों के मुताबिक उसकी शादी को 18 वर्ष बीत चुके थे लेकिन उसे संतान नहीं हो रही थी जिस पर उसने तीन वर्ष पहले किसी लड़की को गोद लिया था जिसे उसकी मां उसे रोता बिलखता छोड़कर चली गई।

# भगवान परशुराम की जन्मस्थली परशुरामपुरी को मिल रही नई पहचान, मंदिर परिसर का तेजी से हो रहा सौंदर्यीकरण

- भगवान परशुराम जयंती पर श्रद्धालुओं से गुलजार होती है परशुरामपुरी, धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र
- 18 करोड़ रुपये से मंदिर परिसर का हो रहा कायाकल्प, जुलाई 2026 तक पूर्ण होने की संभावना

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर शाहजहांपुर जिला स्थित परशुरामपुरी श्रद्धालुओं से गुलजार होती है। यह स्थान भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जन्मस्थली के रूप में व्यापक रूप से माना जाता है। पूर्व में जलालाबाद के नाम से प्रसिद्ध यह क्षेत्र धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है, जहां स्थित प्राचीन परशुराम मंदिर में हर वर्ष जयंती के अवसर पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या उमड़ती है एवं पूरा क्षेत्र भक्ति, श्रद्धा और उत्सव के उल्लास से सराबोर हो उठता है। इस स्थान की आध्यात्मिक महत्ता और धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा परशुराम मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और कायाकल्प का कार्य कराया जा रहा है। लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रही इस परियोजना में अब तक 11 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जा चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार परियोजना का कार्य तेज गति से प्रगति पर है और इसके जुलाई 2026 तक पूर्ण होने की संभावना है।

**ऐतिहासिक पहचान की पुर्नस्थापना**

इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा भगवान परशुराम जयंती हमारी सभ्यतागत जड़ों से जुड़ने और धर्म व न्याय के प्रतीक भगवान परशुराम के आदर्शों को स्मरण करने का अवसर है। शाहजहांपुर की परशुरामपुरी, जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली माना जाता है, ऐतिहासिक रूप से पहले जोगीखेड़ा और बाद में जलालाबाद के नाम से जानी जाती रही है। आज यह स्थान पुनः अपनी पारंपरिक पहचान 'परशुरामपुरी' के रूप में स्थापित हो चुका है, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रति बढ़ते सम्मान और ऐतिहासिक धरोहरों को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में लगभग 60 लाख पर्यटकों ने शाहजहांपुर का भ्रमण किया, जो जिले के धार्मिक स्थलों के प्रति बढ़ती आस्था और आकर्षण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ऐसे महत्वपूर्ण विरासत स्थलों का विकास कर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**श्रद्धालुओं के लिए विकसित हो रही सुविधाएं**

परशुराम मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं कायाकल्प के अंतर्गत श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें सत्संग भवन, मल्टीपर्पस हॉल (जिसका प्रथम तल निर्मित हो चुका है), ट्रस्ट कार्यालय एवं पुजारी कक्ष, मंदिर मंडप, पार्किंग तथा डॉरमेट्री का निर्माण और मुख्य प्रवेश द्वार व कवर्ड शेड का विकास शामिल है। इसके साथ ही आंतरिक व बाह्य विद्युतीकरण, सत्संग भवन में लिफ्ट की स्थापना, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था तथा माइक एवं साउंड सिस्टम की व्यवस्था भी की जा रही है। इसके अतिरिक्त मंदिर मंडप और सत्संग भवन में पिंक शेड स्टोन कार्य तथा मंदिर परिसर में सीसी रोड निर्माण का कार्य भी परियोजना के अंतर्गत किया जा रहा है।

**भगवान परशुराम का धार्मिक महत्व**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम का जन्म वैशाख शुक्ल तृतीया को महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के यहां हुआ था। धर्मग्रंथों में वर्णित है कि उन्होंने उस काल में अधर्म और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करते हुए धर्म की स्थापना की। कार्तवीर्य अर्जुन का वध, कामधेनु की पुनर्प्राप्ति और पिता की हत्या का प्रतिशोध उनके जीवन से जुड़ी प्रमुख कथाएं मानी जाती हैं। भगवान परशुराम को राम जमदग्न्य और राम भार्गव के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू परंपरा में उन्हें भगवान विष्णु का ऐसा अवतार माना जाता है जो आज भी पृथ्वी पर विद्यमान हैं और कल्कि पुराण के अनुसार भविष्य में भगवान कल्कि को युद्ध और तपस्या की शिक्षा देंगे।

## एसडीएम जीत सिंह राय की अध्यक्षता में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

- 38 शिकायतों में से पांच का हुआ मौके पर निस्तारण



**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस में आई 38 शिकायतों में पांच मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम जीत सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम जीत सिंह राय ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभागों से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी समस्या के निस्तारण में कोई लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इस मौके पर राजस्व ,आपूर्ति ,नगर पालिका , पुलिस विभाग से संबंधित 38 शिकायतों को दर्ज किया गया। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरें ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा संबंधित शिकायत मिलने पर संबंधित थानाध्यक्ष तत्काल संज्ञान लेकर कार्यवाही करें।

## तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में रह गए औपचारिक समस्याओं का नहीं हो रहा गुणवत्ता पूर्ण समाधान

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** कलान तहसील में एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण समाधान नहीं होने से फरियादियों का मोहभंग हो गया है। जिससे कुल 20 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज करवाई। मौके पर एक भी समस्या-शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। तहसील कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 20 फरियादियों ने एसडीएम के समक्ष अपनी समस्याएं समाधान के लिए प्रस्तुत की। जिनमें राजस्व व राजस्व और पुलिस की संयुक्त छेह-छेह,चकबंदी और पुलिस संबंधी दो-दो तथा चार अन्य शिकायतें,समस्याएं रहीं। किसी भी समस्या का मौके पर समाधान नहीं हो सका। एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह ने सभी शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश के साथ संबंधित विभाग के कर्मचारियों को हस्तांतरित कर दी। समाधान दिवस में मिर्जापुर कस्बे के मोहल्ला कुतुलूपुर निवासी विवेक ने एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि बीती चार मार्च को रात्रि नौ बजे पड़ोसी पिंकू, अमित व विक्की शराब के नशे में उसके घर में घुस आए और मारपीट कर घायल कर दिया।



## सैटेलाइट बस अड्डे पर पहुंचे वित्त मंत्री, अधूरे कार्य जल्द निपटाने के सख्त निर्देश

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहाँपुर।** शहर के बहुप्रतीक्षित न्यू सैटलाइट बस अड्डे के लोकार्पण से पहले प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शनिवार को मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री ने बस अड्डे के निर्माण कार्य,यात्री सुविधाओं, पार्किंग व्यवस्था, प्रतीक्षालय, शौचालय और सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से अवलोकन किया, उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा को लेकर जानकारी ली। मंत्री ने कहा कि बस अड्डा शहर के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है,जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और यातायात व्यवस्था भी सुगम होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि शेष छोटे-मोटे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा कराया जाए,ताकि लोकार्पण में कोई बाधा न आये।



जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने भरोसा दिलाया कि सभी अधूरे कार्य निर्धारित समय के भीतर पूर्ण कर लिए जाएंगे और लोकार्पण से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी जाएंगी।

# सप्लाई इंस्पेक्टर ने काटे गलत तरीके से राशन कार्ड

- विभिन्न समस्याओं को लेकर दूसरे दिन भी किसान यूनियन का धरना जारी

समृद्धि न्यूज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** विकासखंड परिसर में किसान यूनियन राष्ट्रवादी के बैनर तले किसानों का धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन शुक्रवार 17 अप्रैल को भी जारी है। कार्यवाहक जिला अध्यक्ष गुलजार सिंह ने बताया कि संगठन की कई पुरानी मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिनका अब तक समाधान नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि विकासखंड कार्यालय, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन साल से तैनात कर्मचारियों का तत्काल स्थानांतरण किया जाए। साथ ही अस्पताल में बिना जन्म के ही बच्चों के फर्जी प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। धरने में राशन वितरण से जुड़ी अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया गया। रेहरिया की रंजना पांडे ने आरोप लगाया कि स्वयं सहायता समूह द्वारा राशन उठान के बावजूद पोषाहार का वितरण नहीं किया गया। वहीं राजू गुप्ता ने सामूहिक विवाह योजना में नाम सूची से हटाए जाने की जांच की मांग की। किसानों ने जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर, बढ़े हुए बिजली बिल, गेहूं क्रय केंद्र न खुलने और सप्लाई इंस्पेक्टर द्वारा गलत तरीके से राशन कार्ड काटने पर भी नाराजगी जताई। महानंदपुर टोल प्लाजा पर वसूली बंद कराने, ईंट भट्टों से सड़कों पर फैल रही मिट्टी की समस्या दूर करने और विद्यालयों में एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई सुनिश्चित कराने की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का मुआवजा दिलाने, जन सेवा केंद्रों पर हो रही कथित धांधली की जांच, तिलहर के खैरपुर सीएचसी को पुनः चालू कराने तथा स्कूल के पास हो रहे दाह संस्कार पर रोक लगाने की मांग की गई। धरने में गुलजार सिंह, रनजोत सिंह, लवप्रीत सिंह, अर्शदीप सिंह, सहीम, शान मोहम्मद, अकिल खां, सबील हसन, रमादेवी सरिता देवी कुसमादेवी, बिटोलीदेवी, मुनेश्वर दयाल कठेरिया, शकील मंसूरी मिथुन राजू गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।



# समाज विरोधी गतिविधियों के विरोध में बजरंग दल का ज्ञापन

- देश में बढ़ती जिहादी मानसिकता, अवैध कब्जों पर कार्यवाही हेतु ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से देश में वर्तमान में व्याप्त गंभीर चुनौतियों और समाज विरोधी गतिविधियों की ओर आपका ध्यानाकर्षण किया गया। देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली 'विकृत जिहादी मानसिकता' वर्तमान में राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और सद्भाव के लिए एक बड़ा खतरा बन गई है। देश भर से आये विभिन्न मामलो में पुरुषों के साथ महिलाएँ भी इस विकृत जिहादी कार्यो में सम्मलित पाई गई। हाल ही में नासिक जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में स्पष्ट हुए प्रकरणों से स्पष्ट है कि लव जिहाद का जाल अब सुशिक्षित समाज और व्यावसायिक क्षेत्रों तक फैल चुका है। उत्तर प्रदेश के जिहादी छांगुर उर्फ जमालुद्दीन ओर उसकी महिला सहयोगी नसरीन ने अनेकों हिन्दू कन्याओं का शारीरक शोषण कर ब्लैकमेल और जबरन धर्मान्तरण करवाया।दिल्ली लाल किला ब्लास्ट में भी अल फ़लाह यूनिवर्सिटी से जुड़े जिहादी मानसिकता के मुस्लिम डॉक्टरों ने बम ब्लास्ट किया जिसमे महिला डॉक्टर शाहीन भी शामिल है। देश के विभिन्न नगरों में वन भूमि, सार्वजनिक भूमि, रेल विभाग एवं सेना की सुरक्षित भूमि पर सुनियोजित तरीके से अवैध कब्जे किए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती है। निगोही में समीर व सुयेव किराना स्टोर हैंडल वाली गली निगोही, फरहा कॉस्मेटिक स्टोर एटीएम वाली गली हमजापुर चौराहा निगोही, देहली मोबाइल शॉप शकील कबाड़ी के सामने निगोही, शाहनवाज खान व समीर खान इन आदि अराजक तत्वों द्वारा उपरोक्त स्थानों पर लगातार हिंदू बालिकाओं को षड्यंत्र के तहत लव जिहाद का शिकार बनाया जा रहा है तथा नगर में संचालित कैफे में अवैध रूप से चैंबर उपलब्ध कराकर लव जिहाद की घटनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।



## कलान तहसील परिसर में लगे दोनों वाटर कूलर एक साल से खराब, भीषण गर्मी में कैसे बुझे फरियादियों की प्यास

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** कलान तहसील परिसर में तहसीलदार न्यायालय और तहसील के मुख्य द्वार के समीप लाखों की लागत से अधिकारियों और वादकारियों की प्यास बुझाने के लिए लगवाई गई दोनों रेफ्रिजरेटेर कोल्ड वाटर मशीने पिछले एक साल से खराब पड़ी हुई हैं। तहसील में अपनी समस्याएं लेकर आने वाले फरियादियों और एसडीएम, तहसीलदार कोर्ट में मुकदमों की पैरवी के लिए आने वाले वादकारी तहसील परिसर में पेयजल की अन्य कोई व्यवस्था नहीं होने से इस भीषण गर्मी में बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। फरियादियों का कहना है कि तहसील में प्रतिमाह सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। किंतु तहसील के अधिकारियों की नाक के नीचे एक साल से बंद ठंडे पानी की बंद पड़ी मशीने ठीक करवाने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं।



तहसील के अधिवक्ताओं का कहना है कि डीएम के सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील परिसर में खराब पड़े दोनों वाटर कूलर को ठीक करवाए जाने के लिए ज्ञापन दिया गया था।

## भारत विकास परिषद सरस्वती शाखा का शपथ ग्रहण समारोह

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** भारत विकास परिषद सरस्वती शाखा शाहजहांपुर का आज शपथ ग्रहण समारोह कृष्णा नगर मंदिर हॉल में सम्पन्न हुआ।शाखा के पूर्व सचिव तथा प्रांतीय गतिविधि गुरुवंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के संयोजक राकेश कुमार पांडेय के संचालन में हुए समारोह में प्रांतीय चुनाव पर्यवेक्षक ,बरेली से पधारे अंशु शर्मा विशिष्ट अतिथि और रुहेलखंड पूर्व के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष एवं वर्तमान क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण उतर मध्य क्षेत्र प्रथम संजीव जौली, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। जिसमें संरक्षक पद पर में ज्ञानेश कुमार बाजपेई, संत कुमार मिश्र, शाखा अध्यक्ष पद पर राजेश दीक्षित, सचिव पद पर जसवंत जयसिंह, कोषाध्यक्ष के लिए सुमित चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष के लिए हरीश बजाज, मधुरेश गुप्ता के साथ गतिविधि संयोजक के लिए डा. गौरव मिश्रा को संपर्क, महेंद्र दुबे को पर्यावरण, निलय शुक्ला को सेवा, विक्रम श्रीवास्तव को संस्कार तथा महिला सहभागिता संयोजिका के ज्योति गुप्ता सह संयोजिका के लिए चित्रा गुप्ता तथा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के संयोजक के रूप में डा.आशुतोष शुक्ल को शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों के साथ 21 अन्य सदस्यों ने भी शपथ ली। कार्यक्रम शुभारंभ सभी के परिचय और स्वागत से हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष सुशील नारं का स्वागत अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह के साथ मनीष गुप्ता , मुख्य अतिथि का स्वागत अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा राजेश कुमार दीक्षित एवं जसवंत जयसिंह, संरक्षक का स्वागत हरीश बजाज एवं मधुरेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में उपस्थिति महानगर कार्यवाह नवनीत त्रिपाठी का स्वागत कोषाध्यक्ष सुमित चतुर्वेदी द्वारा किया गया।




# जनपद के प्रभारी मंत्री ने रोजा मंडी में गेहूं क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

- प्रभारी मंत्री ने नामित काश्तकार से वार्ता कर दस मिनट में निपटाया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।** प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप शनिवार की दोपहर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रोजा मंडी स्थित गेहूं क्रय केंद्रो का निरीक्षण करने पहुंचे। मात्र दस मिनट के निरीक्षण में उन्होंने नामित काश्तकार से वार्ता की और वहां से रवाना हो गये। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि वारदाना की कमी अब नहीं हैं। वारदाना उपलब्ध हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि कहीं कमी आती हैं तो सूचित करें हम समाधान करेंगे। कमी की वजह से खरीदारी कम और कमजोर न हो, इसको बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने काश्तकार से किसी प्रकार की आ रही परेशानी के बारे पूछा तो काश्तकार ने सब कुछ ओके बताया। इस मौके पर एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडे, मंडी सचिव रिंकूलाल कश्यप आदि मौजूद थे।



**इंडी गठबंधन ने महिलाओं के बढ़ते कदमों को रोका : मंत्री**

भावलखेड़ा के रोजा मंडी में गेंहूं क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने राहुल गांधी का जबाव देते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा और ममता दीदी के साथ इंडी गठबंधन के लोगों ने भारत में बढ़ते महिलाओं के कदमों को रोकने का काम किया हैं। जिन महिला शक्ति को प्रधानमंत्री 2029 से पार्लियामेंट में 33 प्रतिशत तथा सभी प्रदेशों की सदनों में 33 प्रतिशत जिताकर नेता बनाकर देश का नेतृत्व करने का अवसर देने वाले थे। उस अवसर को कांग्रेस, सपा व ममता दीदी ने रोकने का काम किया है। महिलाओं में आक्रोश है, गुस्सा है कि पहली बार तो देश में नारी शक्ति बंधन अधिनियम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक मुकाम तक पहुंचाया, लेकिन इंडी गठबंधन के लोगों की महिलाओं से क्या खुन्नस हैं क्या दुश्मनी निकालने के लिये विरोध किया है उनको मिलने वाले पॉलीटिकल राइट्स को कहीं ना कहीं डैमेज करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में आक्रोश हैं। कांग्रेस सपा और इंडी गठबंधन को इसकी सजा आने वाले समय में महिलाएं जरूर देगी। उन्होंने प्रियंका वाड्रा के जबाव में कहा कि वे महिला हैं और उन्होंनें नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध किया क्योंकि प्रियंका वाड्रा ने अधिनियम को ठीक से पढ़ा ही नहीं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता मौजूद थी।

## परिसीमन पर सवाल-संदेह

भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस.वाई.कुरैशी की चेतावनी है कि यदि परिसीमन के भरोसे रहे, तो 2034 के आम चुनाव तक महिला आरक्षण कानून लागू हो पाएगा। यदि महिलाओं को राजनीतिक और नीति-निर्धारण में भागीदारी देनी है, तो 50 फीसदी के फॉर्मूले के आधार पर उतनी ही सीटें आवंटित की जा सकती हैं। मसलन-भाजपा-एनडीए को चुनाव में जो जनादेश प्राप्त हुआ था, उसके मुताबिक लोकसभा में उनकी कुल 292 सीटें हैं। उसमें 50 फीसदी, यानी 146, सीटें जोड़ कर उन सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जा सकता है। इसी तरह विपक्ष की 233 सीटों में 116 सीटें और जोड़ी जा सकती हैं। चूंकि संशोधन बिल के मुताबिक, लोकसभा में 543 से बढ़ कर 815 सीटें हो जाएंगी और 33 फीसदी महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यानी सदन में 273 महिलाएं सांसद बनकर आ सकेंगी। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त का आकलन है कि जो जनगणना शुरू हुई है, वह 2027 तक जारी रहेगी। उसके नतीजे आने और संकलित होने में इतना वक्त खर्च होना मुमकिन है कि 2029 के आम चुनाव करीब खड़े दिखाई देंगे। यदि 2011 की 121 करोड़ से अधिक जनसंख्या के आधार पर परिसीमन तय किया गया है या किया जाना है, तो वह बुनियादी तौर पर विसंगत होगा, समानुपाती नहीं होगा, क्योंकि देश की मौजूदा आबादी 147.66 करोड़ से अधिक है। क्या दोनों जनगणनाओं में अंतर नहीं है? क्या पुरानी जनसंख्या के आधार पर मौजूदा आबादी के विकास, विस्तार, भौगोलिक बदलावों का परिसीमन किया जा सकता है? परिसीमन सरकार की मनमर्जी के मुताबिक नहीं होना चाहिए। बेशक परिसीमन आयोग सर्वोच्च अदालत के वर्तमान या पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित होता है और उसके निष्कर्षों को किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। फिर भी आयोग की रपट पर पहले संसद की स्वीकृति अनिवार्य है और फिर राष्ट्रपति की मुहर अंतिम निर्णय है। देश के जम्मू-कश्मीर और असम के कुछ मामले, परिसीमन के बाद, सामने आए हैं, जो इतने असंतुलित और असमान हैं कि परिसीमन की ईमानदारी पर ढेरों सवाल और संदेह किए जा सकते हैं। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर जो संविधान संशोधन लोकसभा में पेश किया गया था, उस पर मत-विभाजन हो चुका होगा अथवा विपक्ष ने सामूहिक बहिर्गमन का रास्ता चुना होगा! इसका विश्लेषण बाद में करेंगे, क्योंकि यह घटनाक्रम शुक्रवार शाम तक होना था। बहरहाल इस संविधान संशोधन से पहले ही, गुरुवार देर रात्रि, 2023 में पारित किए गए कानून की सरकारी अधिसूचना भी जारी कर दी गई। इसके क्या 'तकनीकी कारण' हो सकते हैं? यह लोकतंत्र और संसद का अपमान है, क्योंकि महिला आरक्षण पर संसद में बहस जारी थी। अभी तक की चर्चा में कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, सीपीएम आदि विपक्षी दलों ने सतही तौर पर महिला आरक्षण का विरोध नहीं किया, लेकिन परिसीमन के जरिए संघीयवाद, लोकतंत्र के उल्लंघन पर सवाल और संदेह जरूर किए। हम आज तक समझ नहीं पाए हैं कि विपक्ष दिन में कितनी बार 'लोकतंत्र की हत्या' मान लेता है और फिर उसी लोकतंत्र की आड़ में छिप कर राजनीति भी करने लगता है? बहरहाल लोकतंत्र कभी नहीं मरता, लेकिन जो व्यवस्थाएं मौजूद हैं, जो विसंगतियां हमें खोखला कर रही हैं, वे जरूर बदलनी चाहिए। लोकसभा में फिलहाल 74-75 महिला सांसद हैं। उनका प्रतिनिधित्व 13.6 फीसदी बनता है। राज्यसभा में भी यह औसत करीब 17 फीसदी है और महिला सांसद 41 हैं। यदि महिला आरक्षण कानून, अंततः, लागू होता है, तो राज्यों की विधानसभाओं में विधायकों की संख्या 4123 से बढ़ कर 6186 हो जाएगी। पंचायत, जिला पंचायत, ब्लॉक, स्थानीय नगर निकायों में हजारों महिलाएं सक्रिय हैं। उन्हें प्रशासनिक अनुभव भी हासिल हो रहा है। वे अब 'गूंगी गुड़िया' नहीं, मासूम नहीं हैं, बल्कि राजनीतिक चेतना और जागृति से भरपूर हैं। देश की 'आधी जन-शक्ति' को संसद, विधानसभा के स्तर पर भी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। उन मायनों में यह कानून वाकई एक क्रांतिकारी, ऐतिहासिक कदम, मील-पत्थर साबित हो सकता है। इस बदलाव को रोका नहीं जाना चाहिए।

# उच्च शिक्षा की गुणवत्ता : सरकार की मंशा

*नरेन्द्र मिश्रा*

उत्तर प्रदेश की महामहिम श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में उच्च शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक विश्वविद्यालय वार लखनऊ के जनभवन में की गई। यह समीक्षा बैठक प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों से संबद्ध अनुदानित महाविद्यालय एवं राजकीय महाविद्यालयों के प्रचार्यों के साथ हुई। इसमें सभी प्रचार्यों ने अपने संस्थानों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने, महाविद्यालयों में शैक्षणिक उत्कृष्टता सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने तथा एनआईआरएफ रैंकिंग एवं नैक मूल्यांकन की तैयारियों की समीक्षा की गई। राज्यपाल महोदय ने उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, परिसर में सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए कई निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जिन महाविद्यालयों में शिक्षक नहीं है या शिक्षकों की कमी है वहाँ जब तक नयी नियुक्तियां न हो जाएं, तब तक महाविद्यालय, विश्वविद्यालय से समन्वय स्थापित कर के छात्रों को ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधा उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। साथ ही 'क्लस्टर व्यवस्था' विकसित करने करने की बात कही गई, जिससे आवश्यकतानुसार प्राध्यापकों का समायोजन कर विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाया जा सके।

उन्होंने ई-कंटेंट लाइब्रेरी के अधिकाधिक उपयोग तथा उसमें शिक्षकों एवं प्रचार्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। अधिकारियों को महाविद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित हो सके। राज्यपाल महोदया ने कहा कि विद्यार्थी युवा होते अतः उनकी ऊर्जा सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्यों में लगे और वे नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहे इसके लिए हमें प्रयास करना चाहिए। महाविद्यालयों को महापुरुषों से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए जिससे छात्र उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के लिए बेहतर करें और अच्छे नागरिक बन सके।

इस बैठक में जो सब से अधिक चिंताजनक और विचारणीय विषय था वह था राजकीय और अनुदानित महावियालयों में विद्यार्थियों का नामांकन निरंतर कम होना। जिसपर राज्यपाल महोदया ने चिंता व्यक्त करते हुए प्रचार्यों को निर्देश दिए कि नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। प्रचार्य, शिक्षकों को प्रेरित करें, स्थानीय विद्यालयों एवं इंटर कॉलेजों से संपर्क स्थापित करें तथा अभिभावकों के साथ संवाद बढ़ाएं। समाज में महाविद्यालयों की विशेषताओं एवं उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी नामांकन हेतु आकर्षित हों। महाविद्यालय अपनी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों से निरंतर संपर्क बनाए रखें। शिक्षक कक्षाओं में समय से उपस्थिति होकर अपना शिक्षण कार्य करें। जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित हो सके। शासन अनुदानित एवं राजकीय महाविद्यालयों में निरंतर छात्रों को की संख्या घटने को लेकर अत्यंत गंभीर है। इस संदर्भ में शासन ने सर्कुलर भी जारी करते हुए अनुदानित एवं राजकीय महाविद्यालयों को निर्देशित किया है कि इस माह के अंतिम तक इण्टमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित होने की सम्भावना है, अतः महाविद्यालयों में छात्र संख्या में वृद्धि करने के लिए सभी महाविद्यालय अपने-अपने परिक्षेत्र के 15 किलोमिटर के अन्दर स्थित इण्टर कॉलेजों से सम्पर्क स्थापित करके छात्रों को महाविद्यालय प्रवेश करने के लिए प्रेरित करें। नामांकन बढ़ाने के लिए प्रवेश-उत्सव कार्यक्रम कार्यक्रम करें और साक्ष्य सहित काउन्सिलिंग की फोटोग्राफी, ऑडियो एवं वीडियो रिकार्डिंग द्वारा छात्र संख्या में वृद्धि की सूचना स उपलब्ध करायें। इस परिपत्र में यह भी कहा गया है कि यदि छात्र संख्या की वृद्धि नहीं होती है, तो महाविद्यालय के कर्मचारी के दक्षता मूल्यांकन में इसे शासन द्वारा संज्ञान में भी लिया जाएगा।

राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों में निरंतर वर्ष दर वर्ष विद्यार्थियों का नामांकन घटना शासन के साथ साथ महाविद्यालयों के लिए भी यह गंभीर अत्यंत चिंताजनक विषय है। यह स्थित महाविद्यालयों के समक्ष भी यह एक सवाल खड़ा करता है। आखिरकार कौन शिक्षक नहीं चाहता है कि वह कक्षा में जाए तो कक्षा छात्रों से भरी न हो। विद्यार्थी शिक्षक की ऊर्जा होते हैं। विद्यालय परिसर की शोभा विद्यार्थी ही होते हैं। विद्यार्थी ही शिक्षक को और बेहतर बनाते हैं। फिर प्रश्न उठता है कि नामांकन निरंतर घट क्यों रहा है ?

विद्यालय एक सामाजिक परिवेश में कार्य करते हैं जिसपर समाज की मूल्यों, आवश्यकताओं का तथा शासन की नीतियों का प्रभाव पड़ता है। इसीलिए महाविद्यालयों में नामांकन घटने के कई कारण हैं। और इन पहलुओं की पड़ताल करना अतिआवश्यक है।

वर्तमान वैश्वीकरण के इस आर्थिक युग में सबसे प्राथमिक आवश्यकता रोजगार है। अधिकतर महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रम रोजगार परक नहीं है जोकि बाजार की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) अंतर्गत महाविद्यालयों को स्थानीय परिवेश एवं छात्रों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अपने संसाधनों के अनुसार रोजगार परक पाठ्यक्रम संचालित करने थे किंतु कुछ विश्वविद्यालयों द्वारा महाविद्यालयों के छात्रों के लिए ऑनलाइन रोजगार परक पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिससे इसका प्रत्यक्ष लाभ ग्रामीण अंचल में रहने वाले छात्रों को नहीं मिल पा रहा है। इस तरह के ऑनलाइन पाठ्यक्रम एक औपचारिकता भर रह गए हैं। इधर कुछ वर्षों से कई विश्वविद्यालय द्वारा स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की परीक्षा का केंद्र राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय को बनाया जा रहा है। लगभग किसी न किसी फैकल्टी की या सेमेस्टर की परीक्षाएं वर्ष भर चलती रहती हैं। महाविद्यालय परीक्षा केंद्र बन के रह गए हैं जिससे राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों का पठन-पाठन और नामांकन दोनों नकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ है। विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों से ली जाने वाली फीस को अत्यधिक बढ़ा दिया गया है जबकि सरकार द्वारा निश्चित की गई फीस अत्यधिक कम है। NEP द्वारा सेमेस्टर व्यवस्था लागू होने के बाद छात्रों को वर्ष में दो बार प्रवेश लेना पड़ता है।

ग्रामीण अंचल जहां लोग अत्यंत गरीबी हैं अभिभावक अपने बच्चों की इस बढ़ी हुई फीस को देने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। यदि विद्यार्थी किसी विषय में फेल हो जाता। है तो उसे बैक पेपर देना होता है। कई विश्वविद्यालय द्वारा बैक पेपर की फीस इतनी अधिक ली जाती है जितनी फीस कुछ वर्ष पूर्व पूरे एक वर्ष के प्रवेश की फीस होती थी। इसके कारण भी बहुत से गरीब विद्यार्थी बीच में ही पढ़ाई ड्रॉप कर देते हैं। क्योंकि किसी तरह तो गरीब तबका अपने बच्चों को पढ़ने का अवसर देता है और यदि वे किसी पेपर में फेल हो जाते हैं तो उनकी पढ़ाई छूट जाती है। विशेषकर छात्राओं के साथ ये समस्या अधिक आती हैं। जबकि NEP लागू होने के बाद वर्तमान व्यवस्था यह है कि यदि कोई छात्र से odd या even सेमेस्टर में फेल होता है तो उसकी परीक्षा अगली बार उसी सेमेस्टर की परीक्षा के साथ कराई जाती है। विश्वविद्यालय द्वारा बैक पेपर के लिए अलग से परीक्षा की व्यवस्था नहीं की जाती है, तो प्रश्न यह उठता है कि बैक पेपर की फीस इतनी अधिक क्यों रखी गई है।

अनुदानित महाविद्यालय के लिए काफी समय से सरकार द्वारा कोई अनुदान आवंटित नहीं होता है, जिसके कारण ऐसे महाविद्यालय संसाधनों की कमी के कारण अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित नहीं कर पाते हैं। स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों एवं निजी विश्वविद्यालयों की संख्या निरन्तर बढ़ती जा रही है। कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाय तो इनके द्वारा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता और इनकी परीक्षा प्रक्रिया की सुचिता जगजाहिर ही है। आये दिन निजी विश्वविद्यालयों द्वारा फर्जी डिग्री की खबरें आती ही रहती हैं। स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों का पठन- पठान कैसा है? एवम् उनकी परीक्षा प्रक्रिया कितनी सुचिता पूर्ण है यह शासन को भी पता है। आंख बंद करने से सच्चाई नहीं छिपती।

छात्रों को ऐसे संस्थानों से डिग्री प्राप्त करना सुगम होता है और छात्र परीक्षा सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ऐसी संस्थाओं में प्रवेश के लिए अधिक आकर्षित होते हैं। राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों में नामांकन कम होने का एक बहुत बड़ा व्यवहारिक कारण यह भी है।

जैसा कि उच्च शिक्षा से संबंधित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने, महाविद्यालयों में शैक्षणिक उत्कृष्टता सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा में निजी क्षेत्र की भागीदारी लगभग 85 से 90% के बीच है। जबकि राज्य विश्वविद्यालयों और उनसे संबद्ध राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों की भागीदारी 15% से भी कम है। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के उद्देश्यों को बगैर निजी क्षेत्र को इस प्रक्रिया में भागीदारों बनाए प्राप्त हो सकता है? क्या उच्च शिक्षा के लगभग 85 -90% व्यवस्था को सम्मिलित किए बिना सरकार अपनी मंशा पूरी कर सकती है?

निजी और सार्वजनिक दोनों संस्थानों के लिए प्रदर्शन मानक और मूल्यांकन विधियां पारदर्शी होनी चाहिए और इसे एकसमान शासन मानकों और सामुदायिक विश्वसनीयता के आधार पर किया जाना चाहिए। शिक्षा में निजी निवेश हो किंतु गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं हो। लाभ और उद्देश्य के बीच संतुलन निजी भागीदारी का एक संवेदनशील लेकिन आवश्यक पहलू है। बोली लगाकर ठेके की शिक्षा व्यवस्था से न तो समाज का भला होगा ना तो राष्ट्र का। हां सरकार के आंकड़ों में वृद्धि जरूर हो सकती है। भारत जैसे देश में जहां सामाजिक और आर्थिक असमानता अत्यंत व्यापक है। नीति नियंता को यह नहीं भूलना चाहिए कि सरकार को अभी भी लगभग 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन देना पड़ रहा है। जो अपने भोजन के लिए सरकार पर निर्भर हैं क्या वे बाजार के भरोसे अपने बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा दिलाने में सक्षम है?

जब निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों को गुणवत्तापूर्ण बुनियादी शिक्षा के लिए भुगतान करना पड़ता है, तो यह शिक्षा के सार्वजनिक वादे पर भरोसे के संकट का संकेत देता है। सस्ती और गुणवत्ता युक्त शिक्षा तक सब की पहुंच अनिवार्य रूप से होनी चाहिए, क्योंकि यह एक सशक्त और विकसित समाज की पूर्व शर्त है। वैसे भी शिक्षा का व्यवसायीकरण भारतीय संस्कृति का कभी भी अंग नहीं रहा है।

*असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग*
*लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय*
*कायमगंज, फर्रुखाबाद।*
*मोबाइल नंबर -8840709630*

विचार

# दोहरा तेल संकट और कमजोर भारतीय रुपया

*डॉ. अजीत रानाडे*

भारतीय रिजर्व बैंक के मार्च 2026 के द्विमासिक पारिवारिक मुद्रास्फीति अनुमान सर्वेक्षण के अनुसार अनुमानित मुद्रास्फीति 7.2 प्रतिशत है। यह फरवरी के आधिकारिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित 3.2 प्रतिशत के आंकड़े से दोगुने से भी अधिक है। सीपीआई को हाल ही में वास्तविक मुद्रास्फीति के अधिक सटीक आकलन करने के लिए संशोधित किया गया था। आरबीआई सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि अगले तीन महीनों में कीमतों में 8.5 प्रतिशत और पूरे वर्ष में 8.8 फीसदी वृद्धि का अनुमान है। यह कोई सांख्यिकीय विसंगति या लोकप्रिय निराशावाद नहीं है। यह जमीनी हकीकत है तथा राजनीतिक रूप से आधिकारिक आंकड़ों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर शायद ही कभी इतना संवेदनशील रहा हो। इस बीच भारत दोहरे तेल संकट से जूझ रहा है।

पहला संकट ईंधन का है। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण मार्च में कच्चे तेल की कीमत 115 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई जिससे परिवहन और बिजली की लागत बढ़ गई है। लगभग सभी विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ रही हैं। आरबीआई खुद मानता है कि अगर संघर्ष फिर से शुरू होता है तो साल के लिए उसका 85 डॉलर प्रति बैरल का आधारभूत अनुमान आसानी से टूट सकता है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका और ईरान के बीच घोषित युद्धविराम अस्थायी स्वरूप का है। शांति वार्ता विफल हो चुकी है। संघर्ष फिर से शुरू होने से तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा और इसके कारण भारत में महंगाई भी तेजी से बढ़ेगी। दूसरा तेल वह है जिसका उपयोग भारतीय नागरिक खाना पकाने में करते हैं। भारत अपने खाद्य तेलों का लगभग 90 प्रतिशत आयात करता है। पाम तेल इंडोनेशिया और मलेशिया से, सोया तेल अर्जेंटीना व ब्राजील से तथा सूरजमुखी तेल रूस एवं यूक्रेन से मंगाया जाता है। पश्चिम एशियाई संकट ने वैश्विक कमोडिटी बाजारों को हिलाकर रख दिया है और कच्चे तेल के साथ-साथ वनस्पति तेलों की कीमतों में भी उछाल आया है। खुदरा खाद्य तेल की कीमतें मात्र एक सप्ताह में 1 से 4 रुपये प्रति किलोग्राम तक बढ़ गईं। कीमतों को लेकर चिंतित रिफाइनरों द्वारा आयात रोके जाने के कारण मार्च में भारत का पाम तेल आयात 19 प्रतिशत गिरकर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया। इससे आने वाले महीनों में घरेलू उपलब्धता और भी कम हो जाएगी। ये दोनों तेल घरेलू बजट पर भारी पड़ते हैं। ब्रेकप्वाइंट नामक एक नई पुस्तक में बताया गया है कि स्वास्थ्य सेवा, दवा, शिक्षा, परिवहन और मकान किराए में मुद्रास्फीति का वास्तविक अनुभव कई वर्षों से उच्च रहा है। भारत की हाल ही में संशोधित सीपीआई बास्केट में अभी भी एक संरचनात्मक खामी है। यह उन मौजूदा किरायेदारों द्वारा भुगतान किए जाने वाले किराए को शामिल करता है जिनके पट्टे सालाना 5-10 प्रतिशत की दर से बढ़ते हैं जबकि नए किराएदारों से लिए जाने वाले बाजार किराए को अनदेखा करता है। भारत के शहरों में दलाल और किरायेदार नियमित रूप से किराए में दो अंकों की वृद्धि की रिपोर्ट कर रहे हैं जबकि आधिकारिक आवास मुद्रास्फीति दर कम बनी हुई है।

सूचकांक गलत कीमत माप रहा है। आधिकारिक पद्धति सही स्थिति नहीं बता रही है। यह सब वास्तविक मजदूरी में ठहराव की पृष्ठभूमि में हो रहा है, खासकर ग्रामीण भारत में यह हो रहा है। जब हर चीज महंगी हो जाती है और मजदूरी उस अनुपात में नहीं बढ़ती तो परिवार पोषण में कटौती करते हैं, चिकित्सा देखभाल में देरी करते हैं और बच्चों को निजी स्कूलों से निकाल लेते हैं। हरियाणा के मानेसर और नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरी वृद्धि के लिए हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन केवल श्रम विवाद नहीं हैं। ये मुद्रास्फीति का सामाजिक प्रकटीकरण हैं। मानेसर में कारखाने के श्रमिकों ने काम का बहिष्कार किया, पुलिस से झड़प की और सरकार को एक नाटकीय रियायत देने के लिए मजबूर किया। सरकार ने अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी में 35 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की। यह बमुश्किल पर्याप्त है। मुद्रास्फीति की तुलना में मजदूरी में वृद्धि न होने के खिलाफ वर्षों से चली आ रही घुटन का प्रदर्शन था। नोएडा में गारमेंट और होजरी फैक्ट्रियों के मजदूरों ने पत्थरबाजी, आगजनी और तोड़-फोड़ शुरू कर दी। वे भी न्यूनतम मजदूरी में हरियाणा की तरह ही बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। भारत में लगभग 40 करोड़ आंतरिक प्रवासी मजदूर हैं जो खाने और ईंधन की कीमतों के प्रति बहुत ज्यादा संवेदनशील होते हैं। जब एक वक्त के खाने की कीमत दोगुनी हो जाती है और गैस सिलेंडर मिलना मुश्किल हो जाता है तो उनमें से कई लोग सीधे अपने गांवों को लौट जाते हैं। भारतीय लघु और मध्यम उद्यम मंचश् (स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेस फोरम- एसएमई) अक्सर यह बात दोहराता है कि श्एक बार मजदूर चले जाएं तो उन्हें वापस लाना बहुत मुश्किल होता है। भारत की मैन्युफैक्चरिंग प्रतिस्पर्धा पर पहले से ही वैश्विक सप्लाई चेन में रुकावटों का दबाव है और अब उस पर एक असली खतरा मंडरा रहा है।

मैक्रो स्तर पर देखें तो पिछले वित्त वर्ष में डॉलर के मुकाबले रुपया 10 प्रतिशत गिरा है। मार्च में यह गिरावट बहुत तेजी से हुई और विनिमय दर 95 के पार चली गई। रिजर्व बैंक ऑफइंडिया ने इस पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जवाब दिया। रिजर्व बैंक ने रुपये-डॉलर की दर पर होने वाली ऑफ-शोर सट्टेबाजी में घरेलू बैंकों की भागीदारी पर लगभग पूरी तरह से रोक लगा दी है। इसे श्नॉन-डिलीवरेबल फॉरवर्डश् (एनडीएफ) मार्केट कहा जाता है। यह तकनीकी रूप से रिजर्व बैंक के नियामक दायरे से बाहर है और सिंगापुर, लंदन या न्यूयॉर्क से संचालित होता है। यह रोजाना 149 अरब डॉलर का एक ऑफ-शोर मार्केट है जो गिरते हुए रुपये के जोखिम से बचाव (हेजिंग) का अवसर प्रदान करता है।

साथ ही यह देश के भीतर (ऑन-शोर) मौजूद लोगों के लिए एक संकेत का भी काम करता है जिससे वे यह अंदाजा लगा पाते हैं कि रुपये की चाल किस दिशा में होगी। हालांकि रिजर्व बैंक की अचानक की गई इस सख्त कार्रवाई से रुपये में उछाल आया है लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि अगर ईरान में युद्ध जारी रहता है तो यह स्थिति कब तक बनी रहेगी। ऐसे में रुपये को सहारा देने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा किए गए हस्तक्षेप के कारण अकेले मार्च महीने में ही भारत को अपने कीमती विदेशी मुद्रा भंडार में से 30.5 अरब डॉलर गंवाने पड़े हैं। आरबीआई ने बैंकों द्वारा रुपये की कमजोरी से मुनाफा कमाने के लिए ऑफशोर-ऑनशोर गैप का इस्तेमाल करने पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। लेकिन ध्यान से देखने वाला कोई भी व्यक्ति समझेगा कि ऑफशोर एनडीएफ बाजार तो सिर्फ एक लक्षण है, बीमारी नहीं। असली बीमारी तो भारत का ढांचागत चालू खाता घाटा है जो तेल आयात के भारी बिलों की वजह से और बढ़ गया है। इसके साथ ही पिछले दो वर्षों में पोर्टफोलियो से 26 अरब डॉलर का आउटफ्लो हुआ है और शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई- फॉरेन डॉयरेक्ट इन्वेस्टमेंट) भी शून्य या नकारात्मक हो गया है।

ये अर्थव्यवस्था की ऐसी कमजोरियां हैं जिन्हें डेरिवेटिव-बाजार की कितनी निगरानी करके भी हमेशा के लिए ठीक नहीं किया जा सकता। इस हफ्ते आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठकें होने वाली हैं तो वैश्विक विकास के अनुमानों को नीचे की ओर संशोधित किया जा रहा है। आरबीआई ने रेपो दर को 5.25 प्रति सैकड़ा पर ही बनाए रखा है और अनुमान लगाया है कि 2026-27 में मुद्रास्फीति औसतन 4.6 प्रतिशत रहेगी। ये बहुत ही सोच-समझकर लगाए गए अनुमान हैं लेकिन अगर तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, अगर पश्चिम एशिया में संघर्ष-विराम टूट जाता है और अगर मानसून उम्मीद के मुताबिक नहीं रहता तो इन अनुमानों का बचाव करना मुश्किल हो जाएगा- और इनमें से किसी भी बात को असंभव मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

भारतीय परिवार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की प्रेस रिलीज नहीं पढ़ता। वह कुकिंग ऑयल के टिन पर लिखी कीमत, गैस सिलेंडर का बिल, स्कूल फीस का नोटिस, मेडिकल इनवॉइस पढ़ता है और यह रिजर्व बैंक सर्वे को बता रहा है कि कीमतें ऑफिशियल रेट से दोगुने से भी ज्यादा तेजी से बढ़ रही हैं। यही आवाज मायने रखती है- और यह साफ और जरूरी तौर पर कह रही है कि जख्म की जलन अभी खत्म नहीं हुई है।

साहित्य



## चेहरों से नक़ाब उतर गए...!


**संजय एम तराणेकर**


*महिला आरक्षण का सपना फिर अधूरा रह गया,*
*संसद के गलियारों में सच जल की तरह बह गया।*
*बड़ी-बड़ी बातें करने वाले, खामोश से क्यों हो गए,*
*नकाबों के पीछे छिपे चेहरे आज उजागर हो गए।*

*ये विपक्षी मंचों पर नारी सम्मान का पाठ पढ़ाते थे,*
*आज वहीं अवसर आने पर कदम पीछे हटा रहें थे।*
*अपने वोटों की राजनीति, वादे-इरादे सब भूल गए,*
*महिलाओं के हक़ की बात हुई तो रास्ते बदल गए।*

*कहाँ गई बेटी जो कहती - लड़की हूँ लड़ सकती हूँ,*
*क्या? अब माँ, माटी, मानुष की बात कर सकती हूँ।*
*अब किस मुँह से महिलाओं से वो कर पाएगी बात,*
*महिला होके हक़ पे डाका डालकर खा गईं सौगात।*

*ये गिरना सिर्फ एक बिल का नहीं, भरोसे का भी है,*
*जनता की उम्मीदों के टूटते हुए हिस्सों का भी है।*
*अब वक्त है पक्ष पहचानने का असली कौन खड़ा है,*
*नकाबों के पीछे छुपा नकली चेहरा कितना बड़ा है।*
*(संदर्भ - महिला आरक्षण बिल)*





## राशिफल

**मेषः-** कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**वृषभः-** नैतिक-अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। आलस्य कतई न करें।

**मिथुनः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीनता न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का योग है।

**कर्कः-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी।

**सिंहः-** रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। आप धैर्य से समय का इंतजार करें। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें।

**तुलाः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे।

**वृश्चिकः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मकरः-** प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याएं आएंगी।

**कुंभः-** राजनीतिक सरगर्मियों से व्यस्तता बढ़ेगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**मीनः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता के लिये आपको उद्वेलित करेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

# भूदान आंदोलन के 75 वर्ष : भूमि, न्याय और नैतिकता की पुकार

*कुमार सिद्धार्थ*

देश के सामाजिक और नैतिक इतिहास में ऐसे कुछ आंदोलन हुए हैं, जिन्होंने बिना हिंसा, बिना सत्ता और बिना संसाधनों के भी समाज की आत्मा को झकझोर दिया है। आचार्य विनोबा भावे का भूदान आंदोलन ऐसा ही एक अद्वितीय प्रयोग था, जिसने न केवल भूमि के पुनर्वितरण का प्रश्न उठाया, बल्कि समाज के नैतिक पुनर्निर्माण की दिशा भी दिखाई। 18 अप्रैल को मनाया जाने वाला भूदान दिवस उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है, जब 1951 में तेलंगाना के पोचमपल्ली गांव से इस आंदोलन की शुरुआत हुई थी। अब, जब इस आंदोलन के लगभग 75 वर्ष पूर्ण होने को हैं, इसके महत्व और वर्तमान संदर्भ में इसकी प्रासंगिकता पर पुनर्विचार आवश्यक हो जाता है। भूदान आंदोलन की शुरुआत एक साधारण, लेकिन गहरे सामाजिक प्रश्न से हुई थी-क्या समाज अपने ही भूमिहीन लोगों के लिए स्वेच्छा से संसाधन साझा कर सकता है?

पोचमपल्ली में जब भूमिहीन परिवारों ने विनोबा भावे से भूमि की मांग की, तब एक जमींदार द्वारा स्वेच्छा से भूमि-दान की घोषणा ने इस आंदोलन को जन्म दिया। विनोबा भावे ने इसे केवल भूमि-दान तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे सर्वोदय यानी सभी के उत्थान के व्यापक दर्शन से जोड़ा। भूदान आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विनोबा भावे ने व्यापक पदयात्राएं कीं, जो इस आंदोलन की आत्मा बन गई। उन्होंने लगभग 13 वर्षों (1951 से 1964 के बीच) लगातार देशभर में पदयात्रा की और करीब 58,000 से अधिक किलोमीटर पैदल चलकर देश के लगभग 16 से अधिक राज्यों का भ्रमण किया और हजारों गांवों में पहुंचकर सीधे लोगों से संवाद किया। इन पदयात्राओं के माध्यम से उन्होंने न केवल भूमि-दान का आह्वान किया, बल्कि समाज में समानता, सहयोग और अहिंसक परिवर्तन की भावना को भी गहराई से स्थापित किया। आगे चलकर यह आंदोलन ग्रामदान की अवधारणा तक विस्तारित हुआ, जिसमें पूरे गांव की भूमि को सामूहिक स्वामित्व और उपयोग के लिए समर्पित करने का विचार सामने आया। विनोबा मानते थे कि भूमि प्रकृति की देन है और उस पर किसी एक व्यक्ति का पूर्ण स्वामित्व नैतिक रूप से उचित नहीं हो सकता। इसी कारण उन्होंने समाज के संपन्न वर्ग से अपील की कि वे अपनी भूमि का एक हिस्सा भूमिहीनों को दें, ताकि समाज में संतुलन और समानता स्थापित हो सके। विनोबा के विचार में यह केवल आर्थिक सुधार का उपाय नहीं, बल्कि हृदय परिवर्तन की प्रक्रिया थी, जिसमें दान देने वाला और प्राप्त करने वाला, दोनों एक नए सामाजिक संबंध में जुड़ते हैं। उनका यह भी विश्वास था कि यदि परिवर्तन स्वेच्छा और अहिंसा के आधार पर होगा, तो वह अधिक स्थायी और मानवीय होगा। भूदान आंदोलन के दौरान प्राप्त जमीनों के वितरण के लिए विभिन्न राज्यों में भूदान-यज्ञ बोर्डों की स्थापना की गई जो दान में प्राप्त भूमि का अभिलेखीकरण, सत्यापन और वितरण सुनिश्चित करते थे। बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उड़ीसा जैसे राज्यों में लंबे समय तक भूदान-यज्ञ बोर्ड सक्रिय रहे। इनकी जिम्मेदारी थी कि वे दान की गई भूमि का कानूनी हस्तांतरण कर उसे भूमिहीन परिवारों तक पहुंचाएं। वर्तमान समय में भूमि असमानता का प्रश्न नए रूप में सामने आ रहा है। एक ओर बड़े कॉरपोरेट और उद्योग समूह विशाल भूमि पर अधिकार रखते हैं, वहीं दूसरी ओर लाखों किसान और आदिवासी समुदाय भूमि से वंचित या विस्थापन के खतरे में हैं। शहरीकरण और औद्योगीकरण के बढ़ते दबाव ने भूमि को केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि एक वस्तु में बदल दिया है, जिसका मूल्य बाजार तय करता है, जिससे सामाजिक असमानता और गहरी होती जा रही है। ऐसे में भूदान आंदोलन याद दिलाता है कि भूमि केवल आर्थिक संपत्ति नहीं है, बल्कि यह जीवन, संस्कृति और अस्तित्व का आधार है। विनोबा भावे का दृष्टिकोण सिखाता है कि विकास का मॉडल केवल आर्थिक लाभ पर आधारित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसमें सामाजिक न्याय और नैतिकता का भी समावेश होना चाहिए। आज जरूरत इस बात की है कि भूदान की भावना को समकालीन संदर्भ में पुनर्परिभाषित किया जाए। यह जरूरी नहीं कि लोग अपनी भूमि दान करें, लेकिन यह आवश्यक है कि समाज और सरकार मिलकर ऐसी नीतियां बनाएं, जो भूमि के न्यायपूर्ण वितरण को सुनिश्चित करें। भूमि सुधार, वन अधिकार कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन और विस्थापित समुदायों के पुनर्वास जैसे मुद्दे इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। इसके अलावा, भूदान आंदोलन हमें सामुदायिक भावना और साझेदारी की संस्कृति को पुनर्जीवित करने की प्रेरणा भी देता है। आज जब समाज तेजी से व्यक्तिवादी होता जा रहा है, तब साझा संसाधन और साझी जिम्मेदारीश् की अवधारणा और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। ग्राम स्तर पर सामूहिक निर्णय, संसाधनों का साझा उपयोग और स्थानीय स्वशासन की मजबूत व्यवस्था आदि सभी पहलू भूदान के मूल विचार से जुड़े हुए हैं। शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से भी भूदान की भावना को आगे बढ़ाया जा सकता है। नई पीढ़ी को यह समझाना जरूरी है कि सामाजिक परिवर्तन केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हरेक नागरिक की भूमिका इसमें महत्वपूर्ण है। यदि समाज के सक्षम वर्ग स्वेच्छा से कमजोर वर्गों के लिए आगे आएं, तो असमानता को काफी हद तक कम किया जा सकता है। भूदान आंदोलन के 75 वर्षों की यात्रा केवल अतीत को स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने का भी समय है। यदि हम विनोबा भावे के विचारों को आज के संदर्भ में समझकर उन्हें व्यवहार में लाने का प्रयास करें, तो यह आंदोलन एक बार फिर समाज में नई ऊर्जा और दिशा प्रदान कर सकता है। भूदान दिवस पर यह संकल्प लेना सार्थक होगा कि हम अपने-अपने स्तर पर समानता, न्याय और साझेदारी की भावना को मजबूत करें। यही इस ऐतिहासिक आंदोलन और उसके प्रणेता विनोबा भावे के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

***(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं सामाजिक कार्यों से संबद्ध हैं।)***

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# अतिक्रमण की शिकायत पर राजस्वकर्मियों की तय होगी जिम्मेदारी: डीएम

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

तहसील नवाबगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने न केवल फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना, बल्कि प्रत्येक शिकायत से सम्बन्धित अधिकारी को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि चकमार्ग एवं सरकारी रास्तों पर अतिक्रमण की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतों में संबंधित राजस्व कर्मियों की

**डीएम के निर्देश पर खतौनी दुरुस्त कर आवेदक को तत्काल कराया गया हस्तगत**

जिम्मेदारी तय की जाएगी तथा लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। समाधान दिवस के दौरान मुख्तार अली पुत्र महमूद ग्राम नसीरपुर द्वारा खतौनी में आवेदक का नाम मोहम्मद मुख्तार के स्थान पर मुख्तार अली कराए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों द्वारा कम्प्यूटरीकृत खतौनी को तत्काल दुरुस्त कर आवेदक को हस्तगत कराया गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद, सरकारी



रास्ते/चकमार्ग, राशन कार्ड, पेंशन, आवास एवं अन्य जनसमान्य से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखना प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनपद में समस्त तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 351 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 56 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। तहसील नवाबगंज में संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न मामलों के 110 प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से आज 25 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के समय से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील राम सनेहीघाट में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्व विभाग एवं तहसील स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 55 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 05 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

इसी क्रम पर तहसील सिरौलीगौसपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 04 प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराया गया। तहसील रामनगर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 64 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

## आपसी लेनदेन में महिला को देवर ने पीटा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के जमदवा मजरे असेना गांव में आपसी लेन देन को लेकर मारपीट। पीड़िता ज्योति मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनके देवर सुनील कुमार मिश्र ने उनके पति मनोज कुमार मिश्र से करीब डेढ़ लाख रुपये उधार लिए थे। 17 अप्रैल की शाम करीब पांच बजे जब मेरे पति ने पैसे वापस मांगे,तो विपक्षी सुनील कुमार मिश्र व कशिश मिश्रा ने गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर दोनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें मनोज कुमार घायल हो गए। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची ज्योति मिश्रा को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। और बताया कि विपक्षियों ने उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया, मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ की जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## बाल विवाह होने की सूचना जिला प्रोबेशन कार्यालय या नजदीकी थाने व 181, 1098 पर दे सूचना



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि समाज के कुछ लोगों द्वारा लड़के और लड़की का विवाह निर्धारित आयु 21 एवं 18 वर्ष के पूर्व ही कर दिया जाता है। प्रायः इस प्रकार के विवाह अक्षय तृतीया के अवसर पर होते है, जबकि इस सम्बन्ध में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह होने पर 02 वर्ष की सजा अथवा 01 लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों का प्राविधान है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 19 अप्रैल 2026 को है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने आम जनमानस से कहा है कि बाल विवाह को हतोत्साहित करें तथा बाल विवाह की किसी भी घटना के सम्बन्ध में सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी रायबरेली के दूरभाष संख्या 7518024020/वन स्टाप सेंटर रायबरेली, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन व अपने नजदीकी थाने पर दे सकते है।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिलाओं की हुई भागीदारी



रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

विधानसभा दरियाबाद अंतर्गत ब्लॉक दरियाबाद परिसर में आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन में महिलाओं की भारी भागीदारी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश शर्मा व जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज की नारी आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बन रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। सम्मेलन के दौरान महिला आरक्षण के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सपा से जुड़ी विचारधारा वाली पार्टियों समेत कांग्रेस व सपा ने संसद में महिला आरक्षण के विरोध में मतदान कर मातृशक्ति के अधिकारों की अनदेखी की है। इसे महिलाओं के सम्मान के खिलाफ बताया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने महिला आरक्षण अधिनियम के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में चेयरमैन जगदीश गुप्ता, संदीप त्रिपाठी, पवन वर्मा, पूर्व प्रमुख देवानंद पांडेय, वंदना दास, अनीता वर्मा, मालती देवी सहित हजारों महिलाएं मौजूद रहीं। सम्मेलन में मातृशक्ति के उत्साह और सहभागिता ने यह संदेश दिया कि क्षेत्र की महिलाएं अब अपने अधिकारों को लेकर पूरी तरह जागरूक और संगठित हैं।

## ग्राम चौपाल में पांच जनशिकायतें आई, दो का निस्तारण



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सिरौलीगौसपुर ब्लॉक के बदोसराय और मीरापुर गांवों में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मीरापुर में ग्राम प्रधान रामसागर यादव की अध्यक्षता और पंचायत सचिव अरविंद कुमार यादव के संयोजन तथा बदोसराय में ग्राम प्रधान निसार मेहंदी की अध्यक्षता व पंचायत सचिव वीरेंद्र कुमार तिवारी ने चौपाल का संचालन में सम्पन्न हुई।दोनों चौपाल में प्राप्त पांच शिकायतों में से दो शिकायतें परिवार रजिस्टर से संबंधित थीं, जिनका अधिकारियों ने तत्काल समाधान किया। शेष तीन शिकायतों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इन शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा।चौपाल में ग्रामीणों ने मनरेगा, पेंशन, आवास, राशन कार्ड और सफाई व्यवस्था जैसे विभिन्न मुद्दे भी उठाए। पंचायत सचिवों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र व्यक्तियों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर पंचायत सहायक, रोजगार सेवक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**शेष तीन शिकायतों के शीघ्र निस्तारण का दिया आश्वासन**

# प्रेशर हॉर्न का किया प्रयोग, तो होगी कार्यवाही : एआरटीओ

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) रायबरेली अरविन्द कुमार यादव ने बताया है कि मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ-लखनऊ में दायर पीआईएल संख्या-15385/2021 Noise Pollution through modified silencer (Suo-moto) Vs. State of U.P. of & others में पारित आदेश एवं परिवहन आयुक्त, उ.प्र. के अनुपालन में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय रायबरेली में शनिवार को मोटर डीलर, मोटर गैराज एवं वर्कशॉप संचालकों के साथ बैठक की गई। बैठक में परिवहन विभाग के हेल्पलाइन-18001800151 एवं 18001800149 के बारे में जानकारी दी गई। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), रायबरेली अरविन्द कुमार यादव ने बताया की मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न अथवा हूटर की बिक्री एवं स्थापना करने वाले गैरेज, वर्कशॉप आदि वाहनों से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण होता मिले तो इनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। कानून के तहत वर्कशाप गैराज संचालन पर एक लाख रुपये जुर्माना किया जा सकता है।

जुर्माने के शमन की शक्ति उप परिवहन आयुक्त एवं उनसे ऊपर के अधिकारियों को है। कोई भी वाहन चालक कंपनी फिटिंग के अलावा परिवर्तन करता है तो संबंधित वाहन स्वामी को ऐसी अवधि के कारावास से छह माह तक सजा का प्रावधान हैं। ऐसे प्रत्येक परिवर्तन के लिए पांच हजार तक के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है।

जिन वाहनों से सड़क सुरक्षा, शोर नियंत्रण एवं वायु प्रदूषण के सम्बन्ध में विहित मानकों का उल्लंघन होता हैं, उनके विरूद्ध कार्यवाही और संबंधित व्यक्ति प्रथम अपराध के लिए तीन माह तक के कारावास अथवा दस हजार रुपये तक के जुर्माने अथवा दोनों से दंडनीय होगा।

## खबरें एक नजर में


### सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**सीतापुर।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सिधौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 76 शिकायतों में से 09 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 26 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सदर में प्राप्त 43 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील लहरपुर में प्राप्त 26 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील बिसवां में प्राप्त 29 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महोली में प्राप्त 30 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 36 प्रार्थना-पत्रों में से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

### मानस सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव शनिवार से हुआ शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।** कस्बा के भटखेड़ा वार्ड स्थित चित्रकूट धाम हनुमानगढ़ी मंदिर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय मानस सम्मेलन का 47 वां वार्षिक उत्सव शनिवार से शुरू हो गया। शनिवार को पहले दिन श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ का शुभारंभ हुआ। रविवार को समापन होने पर दोपहर 12 बजे से संतों एवं विद्वानों द्वारा प्रवचन किया जाएगा। इस सम्मेलन में प्रेमदास कुटी हैदरगढ़ के महंत श्री लालता दास महाराज, दलसिंह कुटी से जुड़े रामसेवक दास जी महाराज, कुरुक्षेत्र आश्रम के मानस मर्मज्ञ रामकिंकर मिश्र,अवधी सम्राट हरि नारायण तिवारी, मानस वक्ता यदुनाथ द्विवेदी, वरिष्ठ कवि रामेश्वर द्विवेदी प्रलयंकर, सार्वभौम संस्थान के राम केवल मिश्र एवं अजय शास्त्री बहुत धाम द्वारा मानस गंगा बहाई जाएगी। इस सम्मेलन से जुड़े रमेश चंद्र शर्मा ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### अवैध पोस्ता छिलका के साथ आरोपी गिरफ्तार



**जैदपुर, बाराबंकी।** थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 4 किलो 900 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जनपद बाराबंकी में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा आज अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र मनीराम वर्मा निवासी ग्राम श्यामनगर थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 04 किलो 900 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना जैदपुर पर मुअसं 91/2026 धारा 8/15 एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीकृत किया गया।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी फरियादें

**सिरौलीगौसपुर , बाराबंकी।** उप जिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता एवं तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा के संयोजन में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। दिवस में कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 8 मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे, जिनमें से 3 का समाधान किया गया। पुलिस विभाग और विद्युत विभाग से प्राप्त किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। समाज कल्याण विभाग से मिली एकमात्र शिकायत का निपटारा कर दिया गया। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने सभागार में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं को संतुष्ट किया जाना चाहिए ताकि उन्हें दोबारा तहसील दिवस पर न आना पड़े।

# उर्स मेले का किया निरीक्षण अवैध वसूली की शिकायत नहीं

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के निर्देश पर उर्स मेला रामसनेहीघाट में अवैध वसूली की शिकायतों को लेकर राजस्व टीम ने औचक निरीक्षण किया। राजस्व निरीक्षक महेश वर्मा के नेतृत्व में लेखपालों की टीम ने मेले में लगी विभिन्न दुकानों का जायजा लिया और दुकानदारों से सीधे बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान टीम ने कॉस्मेटिक, बैग, घड़ी-चश्मा तथा घरेलू उपयोग की दुकानों सहित कई स्थानों पर पहुंचकर पूछा कि कहीं किसी प्रकार की जबरन वसूली तो नहीं की जा रही है। इस पर दुकानदारों ने स्पष्ट रूप से बताया कि उनसे किसी भी प्रकार की अवैध वसूली नहीं की जा रही है और व्यवस्था सामान्य रूप से संचालित हो रही है।

राजस्व टीम में गायत्री जायसवाल, शुभम सैनी, पवन मौर्य, शिवेंद्र वर्मा और जितेंद्र रावत सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने कहा कि मेले में पारदर्शिता और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी नियमित निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि मेले में आने वाले लोगों और व्यापारियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की उमड़ी भीड़

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** तहसील रामसनेहीघाट में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक बार फिर फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुईं, लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि मौके पर महज 2 मामलों का ही निस्तारण हो सका, जबकि 53 प्रार्थना पत्र लंबित रह गए। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राजस्व विभाग में सबसे अधिक 31 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से केवल 2 का ही समाधान किया जा सका और 29 मामले लंबित रहे। पुलिस विभाग में 10, विकास में 3, विद्युत में 6, समाज कल्याण व वन विभाग में 1-1 तथा अन्य श्रेणी में 3 शिकायतें आईं, लेकिन इनमें से एक भी प्रकरण का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। समाधान दिवस का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना होता है, लेकिन यहां स्थिति इसके उलट नजर आई।

## जनगणना के दूसरे बैच का प्रशिक्षण शुरू



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** राजकीय इंटर कॉलेज सिरौलीगौसपुर में शनिवार को तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे बैच का विधिवत शुभारंभ हुआ।उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने जनगणना कार्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षुओं को जिम्मेदारी और सतर्कता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनगणना कार्य के लिए नियुक्त शिक्षकों को घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने, आंकड़ों का सटीक संकलन करने और निर्धारित प्रपत्रों को सही ढंग से भरने की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षकों द्वारा तकनीकी पहलुओं, आवश्यक सावधानियों और व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि जनगणना कार्य निष्पक्ष और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो सके। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने बताया कि जनगणना किसी भी देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है। सरकार की नीतियां, संसाधनों का वितरण और भविष्य की योजनाएं जनगणना के आंकड़ों पर ही आधारित होती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनंत कुमार यादव, नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडे सहित प्रशिक्षक श्याम जी, प्रदीप महाजन, वेद प्रकाश, रश्मि शुक्ला,बृजेश शुक्ला और पुष्पेंद्र उपस्थित रहे।

## बाल्टी में बकरी के पानी पीने पर चले लाठी-डंडे

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी के गांव पीठीपुर में एक मामूली बात को लेकर बवाल हो गया। एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच बकरी के पानी पीने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। दोनों ओर से लाठी-डंडे चले और ईंट-पत्थर भी फेंके गए। इस झगड़े में एक बुजुर्ग समेत दो लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार, एक पक्ष की बकरी दूसरे पक्ष के घर के बाहर रखी बाल्टी से पानी पी रही थी। इसी बात पर आपत्ति जताई गई और कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला तूल पकड़ गया और दोनों पक्षों के लोग घरों से लाठी-डंडे लेकर बाहर निकल आए और गुस्से में आकर एक-दूसरे पर हमला कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और एक पक्ष के बाप-बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# नारी शक्ति वंदन अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**जिलाधिकारी संजय चौहान ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के तहत मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा किया गया। यह कार्यशाला महिला कल्याण विभाग के निर्देशों के क्रम में आयोजित की गई, जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रावधानों एवं उसके प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, रिटायर्ड महिला शिक्षकों एवं महिला समूहों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान महिला एवं बालिका सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य/कोविड), स्पॉन्सरशिप योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस कार्यालय में हुआ सीएम डैशबोर्ड समीक्षा गोष्ठी का आयोजन



अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक के साथ सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। समीक्षा गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था, आईजीआरएस (जनसुनवाई) शिकायतों का निस्तारण, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, इनामिया अपराधियों की गिरफ्तारी, पोर्टल पर लंबित अभियोगों में विवेचकों को 60 दिवस के अन्दर विवेचना पूर्ण कर रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित करने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# 12 करोड़ परिवारों को पीएम जन आरोग्य योजना का मिल रहा लाभ

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य योजना है, जो पात्र परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा प्रदान करती है। यह योजना गंभीर बीमारियों के लिए सरकारी और निजी अस्पतालों में द्वितीयक और तृतीयक देखभाल का खर्च कवर करती है, जिससे 12 करोड़ से अधिक कमजोर परिवारों को लाभ मिल रहा है। मुख्य विशेषताएं और लाभ स्वास्थ्य बीमा- परिवार को हर साल 5 लाख तक का स्वास्थ्य कवरेज मिलता है। कैशलेस इलाज पैनल में शामिल सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज पूरी तरह से मुफ्त है। कवरेज इसमें भर्ती होने



से पहले (3 दिन) और बाद के (15 दिन) का खर्च, दवाओं का खर्च और निदान शामिल हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए सितंबर 2024 से 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आय की परवाह किए बिना लाभ मिल रहा है। योग्यता मुख्य रूप से सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना 2011 के डेटा के आधार पर ग्रामीण और शहरी गरीब परिवारों को शामिल किया गया है। इसी क्रम में जिनके पात्र गृहस्थी राशन कार्ड में 06 या 06 से अधिक यूनिट है,ऐसे सभी लोग आयुष्मान भारत योजना में सम्मिलित कर लिए गए है। आयुष्मान भारत से आच्छादित लाभार्थी या अन्य कोई भी व्यक्ति आयुष्मान भारत का कार्ड स्वयं बना सकता है, इसके अतिरिक्त अपने ग्राम पंचायत के पंचायत सहायक,स्वास्थ्य उपकेंद्र की एएनएम आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सीएचओ द्वारा भी बनवा सकते है। अपील-डॉ. धीरज मिश्रा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,गोंदलामऊ द्वारा जनमानस से अपील तथा अनुरोध किया जाता हैं कि पात्र लाभार्थी आयुष्मान भारत का गोल्डन कार्ड बनवा ले और आवश्यकता पड़ने पर 05 लाख तक का मुफ्त इलाज का लाभ ले।



## मटियारी भवन पर आयोजित हुआ नारी शक्ति वंदन सम्मेलन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विधानसभा मुख्यालय गौरीगंज स्थित मटियारी भवन में शुक्रवार को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के अंतर्गत कार्यक्रम 'नारी शक्ति बंधन विधानसभा सम्मेलन' का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने सहभागिता कर नारी सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के संकल्प पर अपने विचार साझा किए। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' देश की करोड़ों माताओं एवं बहनों के सम्मान, अधिकार और आत्मविश्वास का सशक्त उद्घोष है। यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि 卐नारी तू नारायणी卐 के भाव को साकार करने का राष्ट्रीय संकल्प है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृ शक्तियों को पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी द्वारा सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनीता सिंह पूर्व सदस्य, राज्य महिला आयोग, जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, उपमा सरोज, पूनम पांडेय, गीता सिंह, नीरज पांडेय सहित अन्य सम्मानित अतिथि एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## डीएम-एसपी ने किया स्ट्रांग रूम की वाह्य सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी द्वारा तहसील गौरीगंज परिसर में स्थित ई.वी.एम. एवं वी.वी. पैट वेयर हाउस की वाह्य सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त वेयर हाउस में विधानसभा क्षेत्र- अमेठी, गौरीगंज, तिलोई व जगदीशपुर निर्वाचन क्षेत्र की ई.वी.एम./वी.वी. पैट मशीने लॉक के अन्दर संरक्षित हैं। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व जिला निर्वाचन कार्यालय के स्टाफगण उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक चालक की मौत

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

रामगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र त्रिशुंडी में शनिवार सुबह एक ट्रक ड्राइवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अचानक हुई घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान नरेंद्र कुमार उम्र 45 वर्ष पुत्र निहाल सिंह निवासी ग्राम रुहेरी, थाना हाथरस गेट, जनपद हाथरस के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नरेंद्र कुमार पुणे से माल लादकर ट्रक से त्रिशुंडी स्थित कोका-कोला फैक्ट्री पहुंचे थे। फैक्ट्री के बाहर ट्रक खड़ा करने के बाद वह मोबाइल पर बात करते हुए पानी की बोतल लेकर शौच के लिए जा रहे थे, तभी अचानक रास्ते में गिरकर बेहोश हो गए। साथी चालक ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# नारे लगाते हुए राहुल व अखिलेश के फूंके पुतले

**महिला आरक्षण से जुड़ा बिल लोकसभा में गिरने पर रोष**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विपक्ष द्वारा नारी शक्ति वंदन संशोधन बिल लोकसभा में गिराए जाने पर तालग्राम रोड स्थित कोल्ड स्टोरेज के बाहर महिलाओं ने विपक्ष के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में एकत्र हुई महिलाओं ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव के पुतले फूंक दिए।

हाथों में डंडे लेकर दोनों पुतलों की जमकर पिटाई की गई, इसके बाद उन्हें आग के हवाले कर दिया गया। महिलाओं ने नारे लगाए- जहां होना था वंदन, विपक्ष ने लगाया बंधन... नारी शक्ति का अपमान, नहीं रहेगा हिंदुस्तान... इस दौरान प्रदर्शनकारियों में काफी रोष देखा गया। इससे पहले कोल्ड स्टोरेज परिसर में महिलाओं की भारी भीड़ वाली जनसभा हुई। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को विपक्ष ने अपनी साजिश से लोकसभा में गिरा दिया। यह नारी शक्ति का घोर अपमान है। केंद्र सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया, लेकिन कांग्रेस और सपा आदि विपक्षी दलों ने इसे पास होने से रोक दिया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी दिलाने और देश के विकास में उनकी भूमिका को मजबूत करने के लिए लाया गया था। हम इस मुद्दे पर लगातार जनजागरण करेंगी। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा महिलाएं भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हैं। विपक्ष नारी शक्ति को बंधनों में जकड़ना चाहता है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। लखपति दीदी, उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं से महिलाओं को नई ऊंचाइयां मिल रही हैं।

छिबरामऊ की मातृशक्ति विपक्ष की साजिशों को कभी सफल नहीं होने देगी। इसके अलावा जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी एवं कार्यक्रम की संयोजक संध्या त्रिपाठी ने भी विपक्ष को जमकर आड़े हाथों लिया। जिला उपाध्यक्ष श्यायू राजपूत के संचालन में हुए कार्यक्रम में सुमन पाराशर, उमा शर्मा, सुमन मिश्रा, श्वेता दुबे, प्रिया प्रजापति सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थिति रहीं।

# पुरस्कार पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

**एम. चिश्ती पब्लिक एकेडमी में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के एम. चिश्ती पब्लिक एकेडमी में मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक जाहिद चिश्ती ने कहा स्कूल ने केवल किताबी ज्ञान पर ही जोर नहीं दिया, बल्कि बच्चों के अनुशासन और अच्छे व्यवहार को भी सम्मान का आधार बनाया आज का दौर केवल डिग्री का नहीं, बल्कि मल्टीटैलेंटेड लोगों का है। पुरस्कार देने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। बच्चों में हर परिस्थिति से लड़ने की क्षमता विकसित होनी चाहिए। इस अवसर पर मरियम, रुखसार, अनवरी, सानिया, रुबीना, सिफा, अलीम, सईद, कशिश, उमरा, सलमा और नेहा आदि का विशेष योगदान रहा। इस दौरान अभिभावक भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सराहना की।

## आज लगेगा फ़ातहे बिलग्राम मिशन मेडिकल कैम्प

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला कस्सावान स्थित मुन्ने हाजी जी के हाता में रविवार को फ़ातहे बिलग्राम मिशन की तरफ से मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 4 तक किया जाएगा। हुज़ूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सैय्यद अनस मुस्तफ़ा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कमेटी ने बताया कि फ़ातहे बिलग्राम मिशन मेडिकल कैम्प में कानपुर से आ रहे पेट व छाती (क्षय रोग), चार्म रोग, रक्तचाप विशेषज्ञ एमबीबीएस डॉक्टर बसीम खान व स्टाफ के मोहम्मद सैफी, कौशल प्रताप द्वारा मरीजों को देखा जाएगा। हज़रत ने सभी नगर वासियों से कैम्प में मरीज़ों को लाने की गुज़रिश की है। ताकि गरीब, बेसहारा, मजबूर बीमार लोगों का परीक्षण कर दवाइयां दी जा सके।

# भाकियू (अवधेश) के संगठन का किया गया विस्तार



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**संगठन का विस्तार किसानों की एकता को मजबूत करने के लिए है जरूरी**

भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता की संस्तुति पर इटावा जिले के लिए संतोष कुमार यादव को जिलाध्यक्ष तथा मनोज कुमार को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही राजपाल सिंह यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इन मनोनयनों पर प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राजेश कुमार त्रिपाठी, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी संजू, मैनेजर कार्यालय प्रभारी शिबू तथा जिलाध्यक्ष कन्नौज सुनील मिश्रा ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नए पदाधिकारियों के नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा तथा किसानों के हितों की बेहतर तरीके से रक्षा की जा सकेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने सभी प्रकार की कमेटियां 15 दिन के अंदर गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार किसानों की एकता को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। किसान भाई अपनी समस्याओं जैसे न्यूनतम समर्थन मूल्य, सिंचाई सुविधा, बिजली और खाद-बीज की उपलब्धता आदि को लेकर सक्रिय रहें। भाकियू (अवधेश) किसानों के हर संघर्ष में उनके साथ खड़ा रहेगा। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने एकजुट होकर किसान हितैषी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## पंडोखर सरकार का दरबार सजेगा, कंबल वाले बाबा करेंगे उपचार

**कन्नौज।** जिले में सनातन धर्म सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में 22 से 28 अप्रैल तक आठ दिवसीय धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। कार्यक्रम के तहत द्वारिकापुरी से आ रहे कंबल वाले बाबा द्वारा बीपी, लकवा और शुगर जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों का नि:शुल्क उपचार किया जाएगा। इसके लिए विशेष शिविर लगाया जाएगा, जिसमें दूर-दूर से मरीज पहुंचेंगे। वहीं 26, 27 और 28 अप्रैल को त्रिकालदर्शी पंडोखर सरकार का दिव्य दरबार सजेगा। दरबार में श्रद्धालुओं की समस्याएं सुनी जाएंगी और उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। आयोजन में परम पूज्य सदानंद जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान भी कराया जाएगा, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे।

# जनगणना के लिए प्रगणकों का प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका क्षेत्र में जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत प्रगणकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आज से शुरू हो गई है। यह कार्यशाला 18 से 26 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें प्रत्येक बैच को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका के चार्ज अधिकारी एवं ईओ सुनील कुमार सिंह ने कहा भारत के भविष्य को संवारने वाला यह एक बेहद खास मिशन है। जनगणना 2027 की यह यात्रा सिर्फ आंकड़े जुटाने की नहीं, बल्कि देश और छिबरामऊ के विकास की नींव रखने की है। आप केवल सहयोगी नहीं, बल्कि इस मिशन के सूत्रधार हैं। आपकी कलम से लिखा गया हर आंकड़ा आने वाले समय में किसी गरीब का घर, किसी बच्चे का स्कूल और किसी बीमार के लिए अस्पताल बनाने की बुनियाद बनेगा।

ईओ सुनील कुमार सिंह ने आगे कहा नगर पालिका परिषद को आप सभी की मेहनत और ईमानदारी पर पूरा भरोसा है। जब आप किसी के द्वार पर जाएं, तो चेहरे पर मुस्कान और मन में सेवा का भाव रखें। आपकी लगन और निष्ठा ही तय करेगी कि सरकारी योजनाओं का लाभ छिबरामऊ के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। आइए, हम सब मिलकर इस जिम्मेदारी को बोझ नहीं, बल्कि अपने शहर और देश की सेवा का सुनहरा अवसर मानकर निभाएं।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में कुल तीन बैच बनाए गए हैं, प्रत्येक बैच में 40-40 प्रगणक शामिल हैं। मास्टर ट्रेनर प्रभात शुक्ला और रविंद्र कुमार स्वर्णकार ने जनगणना के महत्व, प्रक्रिया और इस बार अपनाए जाने वाले नए तरीके के बारे में विस्तार से बताया। पहले चरण में मकान गणना के लिए 40 प्रगणकों को प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूर्ण रूप से एप आधारित होगी, जिसमें प्रत्येक परिवार से 33 सवालों के जवाब दर्ज करने होंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों को डिजिटल टूल्स, सटीक डेटा संग्रह और गोपनीयता बनाए रखने की भी ट्रेनिंग दी जा रही है। इस अवसर पर नगर पालिका के जनगणना प्रभारी अंकित दुबे, सहायक प्रदीप कश्यप, प्रवेश यादव, तकनीकी सहायक (कंप्यूटर ऑपरेटर) संदेश कुमार और सहायक मोहित शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जे का विरोध



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** ग्राम रामपुर निगोह में दबंगों द्वारा ग्राम पंचायत और मुख्य मार्ग की सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी मारपीट करने को तैयार हो गए। ग्राम प्रधान राकेश कुमार ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के दबंग व्यक्तियों ने ग्राम पंचायत तथा सार्वजनिक सड़क की जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण शुरू कर दिया। आरोपियों ने न केवल सरकारी भूमि पर कब्जा किया, बल्कि वहां लगे सरकारी इंडिया मार्क-2 हैंडपंप को भी उखाड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जब ग्राम पंचायत की ओर से निर्माण रोकने का प्रयास किया गया तो आरोपी दबंगई पर उतर आए और लड़ाई-झगड़े की स्थिति उत्पन्न कर दी। गांव में तनाव व्याप्त है। ग्राम प्रधान ने मांग की है कि अवैध निर्माण तुरंत रोका जाए, विवादित भूमि की राजस्व टीम से पैमाइश कराई जाए और क्षतिग्रस्त हैंडपंप की क्षतिपूर्ति आरोपियों से वसूली जाए।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समर्पित पदयात्रा आयोजित




**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री के निर्देश पर नगर पालिका परिषद में कार्यरत महिलाओं एवं महिलाओं ने नारी शक्ति बंधन अधिनियम को समर्पित नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया जिसमें नगर के कई मोहल्ले में पदयात्रा का आयोजन किया गया इस पदयात्रा में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शनिवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देश पर नारी शक्ति बंधन अधिनियम को समर्पित नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें पालिका कर्मचारी सहित आम नागरिकों एवं महिलाओं ने प्रतिभा किया नारी शक्ति बंधन अधिनियम को समर्पित नारी शक्ति पदयात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद कार्यालय से किया गया जहां अर्थ शशि अधिकारी ने पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह पदयात्रा मोहल्ला रामगंज तिराहा तक निकाली गई जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पदयात्रा में रेखा देवी फुल श्री इंद्रेश कुमारी पूजा यादव पूजा तिवारी सोनी देवी आशा देवी मनोज कुमार तिवारी गौरव मिश्रा अनिल प्रजापति वीर सिंह के अलावा पालिका की कार्यरत महिला कर्मचारी भी मौजूद रही।

### फार्मर आईडी बिना नहीं मिलेगी किसान सम्मान निधि की किश्त

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिले में किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री और किसान पहचान पत्र (फार्मर आईडी) बनवाना अब अनिवार्य कर दिया गया है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किश्त केवल उन्हीं किसानों को मिलेगी, जिनकी फार्मर आईडी बन चुकी होगी। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग सहित उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता और लघु सिंचाई विभाग की सभी योजनाओं का लाभ भी अब इसी पहचान पत्र के आधार पर दिया जाएगा। उर्वरक, बीज, कीटनाशक और अन्य कृषि सामग्री का वितरण भी फार्मर आईडी से ही होगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं, धान, दलहन और सरसों की खरीद के लिए भी किसान पहचान पत्र जरूरी कर दिया गया है। हालांकि चकबंदी से प्रभावित किसानों को फिलहाल छूट दी गई है।

# स्कूल चलो अभियान मदन मोहन कॉलेज के शिक्षकों ने किया संपर्क

**प्राथमिक विद्यालय खांडे देवर तथा रामगंज का किया भ्रमण**

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज तथा विद्यालय के प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया के निर्देश पर स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत शिक्षको ने लगातार विद्यालयों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है जिसके अंतर्गत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पहुंचकर कक्षा 6 तथा 9 में प्रवेश के लिए जनसंपर्क स्थापित कर रहे हैं। शनिवार को मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गांधीनगर में स्कूल चलो अभियान के तहत विज्ञान के सहायक अध्यापक करतार सिंह और उर्दू विषय के सहायक अध्यापक डॉक्टर आमिर हमज़ा ने विभिन्न स्कूलों का भ्रमण किया, जिससे नए सेशन में बच्चों का एडमिशन किया जा सके। स्कूलों में प्राइमरी स्कूल, अपर प्राइमरी स्कूल खने देवर, प्राइमरी स्कूल, अपर प्राइमरी स्कूल गुरसहायगंज और इसके अलावा गुरसहायगंज के और भी बहुत सारे प्राइमरी स्कूल शामिल हैं। प्राथमिक विद्यालय खांडेदेवर की सहायक अध्यापक शाहिदा अध्यापक, फरजाना , परवेज खान , दिव्या , सुनीता , आदित्य कुमार, प्रीति वर्मा, सुमित कुमार, विमला , अर्चना , हिमांशु राज, ज्योति मौर्या प्राथमिक विद्यालय खांडेदेवर, प्राथमिक विद्यालय रामगंज मैं भी अध्यापकों से मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज के शिक्षक करतार सिंह अमीर हम्ज़ा द्वारा जनसंपर्क किया गया। डॉक्टर अमीर हमजा ने बताया कि शनिवार को नगर के 5 किलोमीटर के रेंज में स्थित प्राथमिक विद्यालयों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया जहां बच्चों से मुलाकात की गई और उसके साथ ही गांव में पहुंचकर अभिभावक को भी विद्यालय में कक्षा 6 और 9 में प्रवेश करने के लिए मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज विद्यालय की विशेषताएं बताई गई उन्होंने बताया कि नए सत्र के मुताबिक विद्यालय में प्रवेश करना अनिवार्य है जिसके लिए प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने विगत दिवस विद्यालय में बैठक करके शिक्षकों को कड़े दिशा निर्देश दिए हैं उनके आदेश के अनुपालन में विद्यालय के शिक्षक प्रतिदिन टोली बनाकर जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं जिससे कि विद्यालय की छात्र संख्या में वृद्धि की जा सके।

# संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची 160 शिकायतों में 25 का निस्तारण



**छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 160 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह और उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने की। निस्तारण के लिए पुलिस और लेखपालों की संयुक्त टीमें गठित की गईं, जिन्हें मौके पर भेजा गया, जिसमें सिर्फ राजस्व विभाग की 25 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया जा सका। अधिकारियों ने भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के लिए राजस्व और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया कि सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों को तुरंत संबंधित रजिस्टर में अंकित कर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा जाए। इस आयोजन का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था, ताकि शिकायतकर्ताओं को समयबद्ध राहत मिल सके।

# जलालाबाद में तहबाजारी ठेका 2.31 लाख रुपये में नीलाम

**सचिवालय में सचिव और प्रधान प्रतिनिधि की अगुवाई में संपन्न हुई नीलामी प्रक्रिया**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत के अधीन आने वाले तहबाजारी ठेका की नीलामी शनिवार को ग्राम पंचायत सचिवालय में संपन्न हुई। नीलामी प्रक्रिया में शामिल बोलीदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और निर्धारित धनराशि जमा कर बोली लगाई। नीलामी की शुरुआत 1.20 लाख रुपये की बोली से हुई।

धीरे- धीरे बोली को आगे बढ़ाते हुए राहुल पाठक ने 2.15 लाख की बोली लगाई। इसके बाद अश्वनी ने 2.30 लाख रुपये की बोली लगाकर प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ाया। अंत में लवकुश ने सर्वाधिक 2.31 लाख रुपये की बोली लगाई। इसके बाद किसी अन्य प्रतिभागी ने बोली नहीं बढ़ाई, जिसके चलते ठेका लवकुश पुत्र रमेश चंद्र के नाम आवंटित कर दिया गया। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि जलालाबाद ग्राम में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को बाजार लगता है। तहबाजारी ठेका के लिए यह नीलामी प्रक्रिया सचिव सिद्धार्थ राजपूत, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनमोहन सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से कराई गई।



पंचायत सचिवालय में तहबाजारी ठेका नीलामी के दौरान मौजूद लोग

# अखिलेश के संसद में मंदिर 'धुलवाने' के बयान से सियासत उफान पर



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मंदिर धुलवाने के कथित मामले को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सदन में दिए गए बयान के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। उन्होंने कहा कि उनके मंदिर जाने के बाद उसे धुलवाया गया, जिस पर विभिन्न दलों की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता विजय द्विवेदी ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि भाजपा जातिवाद की राजनीति करती है और इस तरह की घटनाएं उसकी सोच को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाला है। वहीं अपर्णा यादव द्वारा समाजवादी पार्टी का झंडा जलाने के मामले पर भी सपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रवक्ता ने इसे निंदनीय बताते हुए कहा कि उन्हें जो पहचान मिली है, वह मुलायम सिंह यादव की वजह से है, लेकिन इस तरह का कदम उठाकर उन्होंने अपनी छवि को नुकसान पहुंचाया है। पूरे घटनाक्रम को लेकर प्रदेश में सियासी बयानबाजी लगातार तेज हो रही है और दोनों दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।

## उप जिलाधिकारी सदर ने अतिक्रमण हटावाकर जांची सदर मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्था



**कन्नौज।** उप जिलाधिकारी सदर वैशाली ने शनिवार को राजस्व टीम के साथ ग्राम घमाईच मऊ के मजरा संदोहन पुरवा में स्थलीय निरीक्षण किया और नाले पर किए गए अतिक्रमण को मौके पर हटवा दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक नाले, रास्ते और सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल निकासी बाधित होने से ग्रामीणों को परेशानी होती है, इसलिए ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई जरूरी है।

एसडीएम ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में चिन्हित अन्य अतिक्रमणों के खिलाफ अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करें और दोबारा कब्जा न होने देने के लिए नियमित निगरानी रखें। इसके बाद उन्होंने कन्नौज मंडी पहुंचकर गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। यहां खरीद प्रक्रिया, बारदाना की उपलब्धता और गुणवत्ता की बारीकी से जांच की गई।

# नगर में स्थापित कराए गए 250 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर

**अवर अभियंता राजकुमार ने दी जानकारी**

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बिजनेस प्लान 2025 ,26 योजना के अंतर्गत नगर क्षेत्र में बेहतर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू करने के लिए 250 केवीए क्षमता के नगर में ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं जिससे आए दिन होने वाली बाधित विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार होगा यह जानकारी विद्युत वितरण उप खंड गुरसहायगंज के अवर अभियंता राजकुमार ने दी। उन्होंने आगे बताया कि गुरसहायगंज नगर क्षेत्र में बेहतर विद्युत आपूर्ति हेतु बिज़नेस प्लान 2025- 26 योजना के अंतर्गत आज 250 केवीए क्षमता के तीन नग विद्युत ट्रांसफॉर्मरों को क्रमशः सेवा अस्पताल के पास बायपास, मलिक ट्रेडर्स के पास रामगंज और रामलीला ग्राउंड रामगंज में स्थापित कराये गए इसके पूर्व 250 केवीए क्षमता के दो नग ट्रांसफॉर्मरों को क्रमशः जनता गन हाउस पूर्वी क्रासिंग और काली माता मंदिर पर स्थापित करा कर सफलता पूर्वक विद्युत लोड ले लिया गया है। सम्बंधित क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को ट्रांसफार्मर की अतिभारिता से निजात मिली है। उन्होंने बताया कि शेष 2 ट्रांसफॉर्मरों को स्थापित करने हेतु स्थानीय लोगों के सहयोग से सर्विस रोड के इर्द गिर्द स्थान चिन्हीकरण कर स्थापित किये जाने भी प्रस्तावित है। इस प्रकार अब तक कुल 5 नग 250 केवीए क्षमता के अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मरों को नगर में स्थापित करा दिया गया है। शेष 2 स्थापित किये जाना प्रस्तावित है। विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए यह कार्रवाई की जा रही है अति शीघ्र प्रस्तावित 250 केवीए के ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिए जाएंगे।

# छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के अवसरों की दी जानकारी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में नेहरू डिग्री कॉलेज की प्रोफेसर टीम ने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के अवसरों, प्रवेश प्रक्रिया तथा करियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह के नेतृत्व में आई प्रोफेसर टीम ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न विकल्पों, विश्वविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया, स्कॉलरशिप तथा भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा के उच्च मानकों वाले संस्थानों में प्रवेश लेकर अपना भविष्य संवारें। डॉ. बबीता ने बताया कि नेहरू डिग्री कॉलेज क्षेत्र में लंबे समय से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मिसाल कायम किए हुए है और प्रवेश हेतु छात्र छात्राओं का आह्वान किया। हीरा लाल कॉलेज की स्मार्ट क्लास, ई लाइब्रेरी एवं अन्य सुविधाओं का भी टीम ने अवलोकन किया और इन प्रगतिशील कार्यों के लिए विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्रबन्धक मीनू गुप्ता, पूर्व प्रबंधक आलोक गुप्ता, छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट, स्काउट तथा शिक्षण स्टाफ भी उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य राधाबल्लभ मिश्र ने नेहरू डिग्री कॉलेज की टीम का आभार व्यक्त किया और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सूचना

मेरे आधार कार्ड में मेरे नाम की स्पेलिंग Pushpendra Singh अंकित है जबकि मेरे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के सभी प्रपत्रों में नाम की स्पेलिंग Puspendra Singh अंकित है इसे ही मेरे आधार कार्ड में दर्ज किया जाए। मैं अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों में अंकित नाम के अनुसार आधार कार्ड में नाम की स्पेलिंग अंकित करवाना चाहता हूं। पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र श्री श्याम सिंह निवासी ग्राम त्योर पोस्ट बमरौली थाना तालग्राम तहसील छिबरामऊ (कन्नौज)।

# न्याय और धर्म के प्रतीक, विष्णु के छठे अवतार परशुराम



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परशुराम जन्मोत्सव 19 अप्रैल रविवार को भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के रूप में वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया) को मनाया जायेगाा। यह दिन धर्म, शौर्य और तप का प्रतीक है, जिसे विशेष पूजा, शोभायात्राओं और भंडारों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। यह ज्ञान और शक्ति के संगम का पर्व है।

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**



अंगद पाण्डेय कोमल

**राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष अंगद पाण्डेय कोमल** ने बताया कि हर वर्ष परशुराम जन्मोत्सव का पर्व वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में हुआ था इसीलिए प्रदोष काल में जब तृतीया तिथि प्रारंभ होती है तब इसे परशुराम जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। हिन्दू धार्मिक मान्यता के अनुसार परशुराम जगत के पालनहार विष्णुजी के छठे अवतार हैं।



विष्णु मिश्रा

**राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष विष्णु मिश्रा** ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव के परम भक्त परशुराम जी न्याय के देवता हैं, जिन्होंने 21 बार पृथ्वी को अतातइयों से विहीन किया था। महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र के रूप में मध्यप्रदेश के इंदौर के जानापाव पर्वत पर परशुराम जी का जन्म हुआ था। अक्षय तृतीया तिथि 19 अप्रैल को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनायेंगे।



अखिलेश पाण्डेय

**भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के सहायक अध्यापक अखिलेश पाण्डेय** ने बताया कि भगवान परशुराम की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में साहस और आत्मविश्वास बढ़ता है। कठिन कामों को पूरा करने की ताकत मिलती है और मन को शांति मिलती है। इस दिन पूजा करने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और जीवन में सकारात्मक बदलाव आने लगते हैं। महिलायें भी भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर पूजन करें।

# वेद-पुराण-श्रुति-स्मृति ज्ञाता। क्रोध रूप तुम जग विख्याता॥ दायें हाथ श्रीपरशु उठावा। वेद-संहिता बायें सुहावा॥



बैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा। मान्यता है कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। उन्हें भगवान शिव से एक शक्तिशाली फरसा प्राप्त हुआ था, जिसके कारण उनका नाम परशुराम पड़ा। उन्हें शक्ति, न्याय और धर्म का प्रतीक माना जाता है। इस खास अवसर पर भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना करते हैं। साथ ही विशेष चीजों का भोग लगाते हैं और गरीब लोगों में अन्न और धन समेत आदि चीजों का दान करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान परशुराम की पूजा करने से साधक के जीवन में खुशियों का आगमन होता है। साथ ही सभी तरह के संकटों से छुटकारा मिलता है। इस शुभ अवसर पर लोग एक-दूसरे को परशुराम जयंती की शुभकामनाएं भी देते हैं। भगवान परशुराम का जन्म माता रेणुका और ऋषि जमदग्नि के घर प्रदोष काल में हुआ था और उन्हें चिरंजीवी भी माना जाता है। इसी दिन अक्षय तृतीया का पर्व भी मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर, आइए हम भगवान परशुराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें, उनके द्वारा दिखाए गए धर्म और सत्य के मार्ग पर चलकर हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं।

**लक्ष्मीकांत भारद्वाज**

**संदेश-** रमेश चन्द्र त्रिपाठी, लालाराम दुबे, डा0 राजीव पाठक, डा0 सचिन दुबे, विनोद अग्निहोत्री, अनुराग दुबे, कमलेश पाठक, वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, विमल दुबे टीटू, अंगद पाण्डेय कोमल, विष्णु मिश्रा, डा0 वीरेन्द्र त्रिवेदी, तनिष मिश्रा, सदानंद शुक्ला, राजकुमार गौतम राजू, डा0 दीपक द्विवेदी, अंकित तिवारी, नंदकिशोर दुबे, अजय दुबे अज्जू, शिवेन्द्र मोहन मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, शरद बाजपेयी, सचिन देव तिवारी, प्रमोद दीक्षित, नवनीत मिश्रा, डा0 राहुल तिवारी, रोहित तिवारी, विमलेश मिश्रा, सौरव मिश्रा, सुधेश दुबे, विनीत अग्निहोत्री, अमन अवस्थी, अंकुर मिश्रा, अवधेश पाण्डेय, सुरेन्द्र नाथ अवस्थी, मनोज कुमार मिश्रा, प्रशांत कुमार मिश्रा, राकेश मिश्रा कल्लू भैया, डा0 दीपक चतुर्वेदी, सावन मिश्रा, आशीष मिश्रा भईयन, मनोज मिश्रा, आलोक कुमार द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, शैलेश दुबे, डा0 अनुराग मिश्रा, हिमांशु शुक्ला, प्रमोद कुमार दीक्षित, अनुज मिश्रा, मुनीश चन्द्र मिश्रा, विशाल दुबे, मनोज कुमार शुक्ला, आदेश अवस्थी, राघव मिश्रा, पंकज औदिच्य, सोमाकांत अग्निहोत्री, धीरज पाण्डेय।











































